

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -76 जबलपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### कपिल सिब्बल का उपराष्ट्रपति को जवाब

## राष्ट्रपति नाम का मुखिया, उनके पास निजी अधिकार नहीं

नई दिल्ली-(आरएनएस)। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा विधेयकों को मंजूरी न देने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जगदीप धनखड़ की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति को पता होना चाहिए कि राज्यपाल और राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की 'सहायता और सलाह' पर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जगदीप धनखड़ का बयान देखकर मुझे दुख और आश्चर्य हुआ। आज के समय में अगर किसी संस्था पर पूरे देश में भरोसा किया जाता है तो वह न्यायपालिका है।



सिब्बल ने आगे कहा कि जब सरकार के कुछ लोगों को न्यायपालिका के फैसले पसंद नहीं आते तो वे उस पर अपनी सीमा लांघने का आरोप लगाने लगते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या उन्हें पता है कि संविधान ने अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को पूर्ण न्याय देने का अधिकार दिया है? राष्ट्रपति तो केवल नाममात्र का मुखिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति कैबिनेट के अधिकार और सलाह पर काम करते हैं। राष्ट्रपति के पास कोई निजी अधिकार नहीं है। जगदीप धनखड़ को यह बात पता होनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है जब धनखड़ ने शीर्ष अदालत पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'सुपर संसद' नहीं बन सकती और भारत के राष्ट्रपति को निर्देश देना शुरू नहीं कर सकती।

उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा था कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहाँ आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। वहाँ, पाँच न्यायाधीश या उससे अधिक होने चाहिए। जब ??अनुच्छेद 145(3) था, तब सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी, 8 में से 5, अब 30 में से 5 और विषम। लेकिन इसे भूल जाइए; जिन न्यायाधीशों ने वस्तुतः राष्ट्रपति को आदेश जारी किया और एक परिदृश्य प्रस्तुत किया कि यह देश का कानून होगा, वे संविधान की शक्ति को भूल गए हैं।

उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों का वह समूह अनुच्छेद 145(3) के तहत किसी चीज़ से कैसे निपट सकता है, यदि संरक्षित है, तो यह आठ में से पाँच के लिए था। हमें अब इसके लिए भी संशोधन करने की आवश्यकता है। आठ में से पाँच का मतलब होगा कि व्याख्या बहुमत से होगी। ठीक है, पाँच आठ में बहुमत से अधिक है। लेकिन इसे छोड़ दें। अनुच्छेद 142 लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ एक परमाणु मिसाइल बन गया है, जो न्यायपालिका के लिए 24 × 7 उपलब्ध है।

## ये गुंडागर्दी नहीं चलेगी, राजौरी गार्डन में अवैध ढाबे और मीट की दुकानों पर फूटा मंत्री मनजिंदर सिरसा का गुस्सा



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली के राजौरी गार्डन में दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिरसा के आदेश के बाद कई अवैध मीट की दुकानें बंद कर दी गईं। कार्रवाई के बाद गली नंबर 5 में तनावपूर्ण माहौल देखा गया, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अनुमान लगाया कि सरकार कोई कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने मीट की दुकानें बंद होने पर निराशा व्यक्त की। सिरसा ने इलाके में %आवश्यकता से अधिक% मीट की दुकानों पर चिंता जताई। सिरसा ने कहा कि यहां बहुत सारी अवैध गतिविधियां चल रही हैं। कई जगहों पर मीट के ढाबे खुल गए हैं। खुलेआम मीट बिक रहा है, खुले में तंदूर चल रहे हैं। मैंने प्रशासन को आदेश दिया है कि अगले 24 घंटे में सभी अवैध गतिविधियां बंद कर दी जाएं और मीट की दुकानें बंद कर दी जाएं। हर जगह मीट बिक रहा है। यह गुंडागर्दी नहीं चलेगी।

सिरसा ने कहा कि दिल्ली के मंत्री सिरसा ने आरोप लगाया कि ये मीट की दुकानें स्थानीय निवासियों को अपने घर देखने और इलाका छोड़ने के लिए मजबूर करने की एक %रणनीति% हैं। वे रिहायशी इलाकों में मीट की दुकानें खोलकर लोगों को घर छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। वे लोगों को अपने घर बेचने और इलाका छोड़ने के लिए मजबूर कर रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है; यह जानबूझकर किया जा रहा है। कुछ इलाकों में, 30 से यादा नॉन-वेज की दुकानें हैं, जिससे निवासियों के पास वहाँ से निकलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन हम इसे जारी नहीं रहने देंगे। सभी अवैध मीट की दुकानों को सील कर दिया जाएगा, उनके बिजली के मीटर काट दिए जाएँगे और उन इमारतों में कोई नया कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।

## 61 की उम्र में शादी रचाएंगे बीजेपी नेता दिलीप घोष दुल्हन बनीं पार्टी कार्यकर्ता रिंकू मजूमदार



कोलकाता (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पश्चिम बंगाल बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष एक बार फिर सुर्खियों में हैंए लेकिन इस बार राजनीतिक कारणों से नहींए बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर। 61 वर्षीय दिलीप घोष जल्द ही विवाह के बंधन में बंधने जा रहे हैं। उनकी होने वाली जीवनसाथी कोई और नहीं बल्कि पार्टी की ही समर्पित कार्यकर्ता रिंकू मजूमदार हैं।

दिलीप घोष और रिंकू मजूमदार को हाल ही में 3 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन में केकेआर का मैच देखते हुए साथ देखा गया था। तभी से दोनों के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हो गई थीं। अब दोनों ने रिश्ते को नाम देने का फैसला किया है।

**घर पर होगा विवाह समारोह**-दिलीप घोष और रिंकू मजूमदार की शादी शुक्रवार को कोलकाता स्थित न्यूटाउन आवास पर होगी। यह एक छोटा सा पारिवारिक समारोह होगा जिसमें केवल करीबी रिश्तेदार और मित्र ही शामिल होंगे।

## जैन समाज पर टिप्पणी पर बीजेपी नेताओं को नोटिस- महानगर अध्यक्ष ने 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा; विधायक बोले- मेरा प्रतिनिधि नहीं



जबलपुर. (नगर प्रतिनिधि) एमपी के जबलपुर में जैन समाज पर टिप्पणी करने वाले भाजपा नेता शैलेन्द्रसिंह राजपूत व जागृति शुक्ला से महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर नोटिस जारी किया है. दोनों नेताओं को तीन दिन का समय देते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है. नोटिस में इस बात का उल्लेख है कि समय पर संतोषजनक जबाव न देने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए पार्टी से 6 वर्ष से निष्कासन किया जा सकता है. बताया गया है कि दोनों नेताओं का एक आडियो वायरल हुआ था जिसमें नेताओं ने जैन समाज की तुलना रावण से किए जाने की



बात सामने आई थी. इसके बाद जैन समाज आक्रोशित हो गया था, यहां तक कि कोतवाली थाना का घेराव कर प्रदर्शन किया था. पुलिस अधिकारियों ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरु कर दी थी. हालांकि दोनों नेताओं का कहना था कि वायरल आडियो में उनकी आवाज नहीं है. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने आचार्य विद्यासागर मंडल अध्यक्ष जागृति शुक्ला व भाजपा नेता शैलेंद्र राजपूत को नोटिस जारी किया. नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग और सामाजिक वर्गों से प्राप्त शिकायतों के अनुसार आपके द्वारा आपसी वार्तालाप में समाज विशेष के संबंध में अपमानजनक एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है. यह रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही है. जिसके कारण सामाजिक संगठनों द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि यह आवाज आपकी है और आपने समाज विशेष का अपमान किया हैए जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं. अतः आपको सूचित किया जाता है कि तीन दिवस के भीतर इस विषय पर स्पष्ट स्पष्टीकरण प्रस्तुत करेंए अन्यथा आपके इस कृत्य के लिए आपको पार्टी के दायित्वों से मुक्त करते हुए प्राथमिक सदस्यता से 6 सालों के लिए निष्कासित किया जा सकता है.

### छतरपुर में भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की दर्दनाक मौत, फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



छतरपुर. (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के छतरपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की जान चली गई. एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार पिता और दो बच्चों को रौंद दिया, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं इस हादसे में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना से लोगों में आक्रोश है. हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर मुआवजे की मांग कर रहे हैं. ये पूरा मामला छतरपुर जिले के बमीठा थाना अंतर्गत ग्राम औटा पुरवा का बताया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, ये खौफनाक घटना शुक्रवार सुबह 8 बजे की है. एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार पिता और दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि दो बच्चों को गंभीर चोट आई है. हादसे के वक्त मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को मामले की जानकारी दी.

## भारत के आगे झुका चीन, सारी शर्तें मानकर करेगा काम

नई दिल्ली-(आरएनएस)। चीन पहले के मुकाबले भारत के साथ ज्यादा अकड़ की जगह भारत के साथ प्रेम भाईचारा और दोस्ती के हवाले देकर बात आगे बढ़ाना चाहता है। वहीं दूसरी तरफ भारत के साथ उसका बढ़ता ट्रेड डिफेसिट घाटा भी उसे परेशान कर रहा है कि कहीं भारत कहीं चीन के इस षड़यंत्र से आगे न निकल जाए। इन सब के बीच चीन भारत में निवेश करने के लिए अपनी आतुरता दिखा रहा है।

अमेरिका और चीन के बीछ छिड़े टैरिफ विवाद को लेकर मामला अब इतना आगे बढ़ चला है कि चीन अब नए विकल्पों की ओर देखने लगा है। इन विकल्पों में चीन के सामने एक पसंदीदा नाम हमेशा की तरह से भारत सामने आया है। इसके पीछे के कई कारण हैं। हाल के दिनों में भारत और चीन के रिश्तों में गलवान घाटी झड़प के बाद से सुधार देखने



को मिल रहा है। चीन पहले के मुकाबले भारत के साथ ज्यादा अकड़ की जगह भारत के साथ प्रेम भाईचारा और दोस्ती के हवाले देकर बात आगे बढ़ाना चाहता है। वहीं दूसरी तरफ भारत के साथ उसका बढ़ता ट्रेड डिफेसिट घाटा भी उसे परेशान कर रहा है कि कहीं भारत कहीं चीन के इस षड़यंत्र से आगे न निकल जाए। इन सब के बीच चीन भारत में निवेश करने के लिए अपनी आतुरता दिखा रहा है।

इसके पीछे का एक और बड़ा खेल है। चीन के निवेश को भारत संयमित रखना चाहता है। वहीं चीन चाहता है कि भारत एक बड़ा बाजार है और वो अपने व्यापार का विस्तार भारत में कर सकता है। यही वजह है कि अब चीन की कई कंपनियां भारत में पहले के मुकाबले ज्यादा लचीला रवैया अपनाने को तैयार नजर आ रही हैं। शंघाई हाईली चीन की बहुत बड़ी कंप्रेसर बनाने वाली कंपनी है। इस कंपनी ने टाटा के मालिकाना हक वाली वोल्टास के साथ फिर से ज्वाइंट वेंचर की बातचीत शुरू कर दी है। दो साल पहले इन दोनों कंपनियों का एक ज्वाइंट वेंचर बनने वाला था, जिसमें चीनी कंपनी की हिस्सेदारी 60 त्न थी। लेकिन सरकार ने मंजूरी नहीं दी। लेकिन अब शंघाई हाइले अब माइनॉरिटी हिस्सेदारी रखने को तैयार है। जो पहले बिल्कुल मानने के लिए तैयार नहीं थी।

चीन पर भी दबाव है इस बात को समझते हुए चीन भारत के लिए लचिला रुख अख्तियार कर रहा है। केवल यही कंपनी नहीं इसके अलावा हायर भी उनमें से एक है। हायर चीन की बड़ी कंपनी है और वो पहले भारत में अपना 26 फीसदी हिस्सा किसी भारतीय कंपनी को बेचने की योजना बना रही थी। अब खबर है कि हायर अपने बिजनेस का 51 से 55 प्रतिशथ हिस्सा बेचने को तैयार है ताकी वो भारत में बना रह सके और निवेश बढ़ा सके। यानी चीनी कंपनियां भारत की शर्तों को मानने को राजी दिखाई पड़ रही हैं। चाहे वो माइनॉरिटी स्टेक हो या टेक्नोलॉजी शेयर करना हो। भारतीय बाजार के एक्सपर्ट्र्स मानते हैं कि दरअसल, चीन पर बढ़ता दबाव और भारत की सजकता चीन को परेशान कर रही है। जिस तरह से भारत और के बीच में ट्रेड डिफेसिट बढ़ रहा है उसे लेकर वाकई में भारत इस मंथन पर जुटा है कि कैसे वो अपनी चीन पर निर्भरता कम कर सके।

### एमपी.की भाजपा विधायक उषा ठाकुर का बयान

## वोट बेचने वाले अगले जन्म में बनेंगे भेड़, बकरी, ऊंट और कुत्ते




महू (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के महू से भाजपा विधायक उषा ठाकुर का वोट बेचने को लेकर दिए गए एक बयान का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में उषा ठाकुर कह रहीं हैं- जिन लोगों ने रुपये, साड़ी, दारू देकर वोट बेचे हैं, वो अगले जन्म में भेड़, बकरी, ऊंट, कुत्ते और बिल्ली बनने वाले हैं। क्योंकि इन्होंने लोकतंत्र को बेचा है। विधायक ठाकुर ने कहा- भाजपा सरकार लाड़ली बहना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से खातों में हजारों रुपये भेज रही है। ऐसे में 1500 या 5000 रुपये में वोट बेचना शर्मनाक है। लोकतंत्र की रक्षा करना जरूरी है। यह बयान उन्होंने महू तहसील के ग्राम हासलपुर में बुधवार को आयोजित भूमि पूजन के कार्यक्रम के दौरान दिया था।

**छतरपुर में झांसी-खजुराहो हाईवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत, दो घायल**

छतरपुर । झांसी खजुराहो नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए। घटना ओटापुरवा गांव के पास सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है। हादसे में घायल दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद बमीठा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे में मिजाजी लाल अहिरवार (45 साल), शिवम (2 साल), भावना (3 साल) की मौत हो

## डॉ आंबेडकर की तस्वीर वाली टाइल्स बाथरूम में लगाई, भीड़ ने दुकानदार को नंगा कर पीटा



गोंदिया/बालाघाट (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्य और बालाघाट से लगे महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में डा. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लगी टाइल्स बाथरूम में लगाने पर उग्र भीड़ ने एक व्यापारी के साथ जमकर मारपीट की। घटना बुधवार देर शाम की है। मारपीट से जुड़ा वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

गोंदिया पुलिस ने व्यापारी पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गोंदिया के जयस्तंभ चौक स्थित कॉम्प्लेक्स में व्यापारी चिराग संदीप रुंगटा की दुकान है। उसने अपनी दुकान के बाथरूम में डा. आंबेडकर की तस्वीर वाली टाइल्स लगाई थी।

गोंदिया बंद रखने की चेतावनी पुलिस के अधिकारियों ने भीड़ को समझाकर मामला शांत कराया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने नारे लगाते हुए व्यापारी के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की मांग की। लोगों ने घटना के विरोध में गोंदिया बंद करने की भी बात कही। गोंदिया सिटी थाने के निरीक्षक किशोर परवते ने बताया कि आरोपित चिराग संदीप रुंगटा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ अलग-अलग धाराओं और एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।

**धार जिले में दो हादसों में दो महिलाओं की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली**

धार, बाकानेर। धार जिले के बाकानेर के पास बारात लेकर बड़दा पुनर्वास जा रही एक बस अचानक पलटी खा गई। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं धार के नागेश्वर के पास ट्रेलर की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ जस्टिस वर्मा के घर से कैश मिलने पर भड़के, क्या यह माफी लायक है? एफआईआर क्यों नहीं हुई

नई दिल्ली.(आरएनएस)। हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास से बड़े पैमाने पर कैश की बरामदगी से जुड़े मामले में एफआईआर दर्ज न किए जाने पर गुरुवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि क्या कानून से परे एक श्रेणी को अभियोजन से छूट हासिल है. धनखड़ ने कहा, अगर यह घटना उसके (आम आदमी के) घर पर हुई होती, तो इसकी (प्राथमिकी दर्ज किए जाने की) गति इलेक्ट्रॉनिक रॉकेट सरीखी होती, लेकिन उक्त मामले में तो यह बैलगाड़ी जैसी भी नहीं है. धनखड़ ने कहा कि सात दिनों तक किसी को भी इसके बारे में पता नहीं चला. हमें खुद से सवाल पूछने होंगे. क्या देरी की वजह समझ में आती है? क्या यह माफी योग्य है? उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है. उन्होंने कहा कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है.



सुप्रीम कोर्ट ने 14 मार्च को होली की रात दिल्ली में जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान वहां कथित तौर पर बड़े पैमाने पर नोटों की अधजली गड्डियां बरामद होने के मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए थे. इसके अलावा, न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था. धनखड़ ने मामले की आंतरिक जांच के लिए गठित तीन न्यायाधीशों की समिति की कानूनी वैधता पर भी सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि तीन न्यायाधीशों की समिति मामले की जांच कर रही है, लेकिन जांच कार्यपालिका का अधिकार क्षेत्र है, न्यायपालिका का नहीं. उपराष्ट्रपति ने दावा किया कि समिति का गठन संविधान या कानून के किसी प्रावधान के तहत नहीं किया गया है. उन्होंने कहा, और समिति क्या कर सकती है? समिति अधिक से अधिक सिफारिश कर सकती है. सिफारिश किससे? और किसलिए? धनखड़ ने कहा, न्यायाधीशों के लिए हमारे पास जिस तरह की व्यवस्था है, उसके तहत अंततः एकमात्र कार्रवाई (न्यायाधीश को हटाना) संसद द्वारा की जा सकती है. उन्होंने कहा कि समिति की रिपोर्ट का स्वाभाविक रूप से कोई कानूनी आधार नहीं होगा. यहां राज्यसभा प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है. भले ही इस मामले के कारण शर्मिंदगी या असहजता का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन अब समय आ गया है कि इससे पर्दा उठाया जाए. सारी सच्चाई सार्वजनिक मंच पर आने दें, ताकि व्यवस्था को साफ किया जा सके. उन्होंने कहा कि सात दिन तक किसी को इस घटनाक्रम के बारे में पता नहीं था. धनखड़ ने कहा, हमें खुद से कुछ सवाल पूछने होंगे. क्या देरी के लिए कोई सफाई दी जा सकती है? क्या यह माफी योग्य है? क्या इससे कुछ बुनियादी सवाल नहीं उठते? क्या किसी आम आदमी से जुड़े मामले में चीजें अलग होतीं? उपराष्ट्रपति ने कहा कि शीर्ष अदालत की ओर से मामले की पुष्टि किए जाने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि इसकी जांच किए जाने की जरूरत है. उन्होंने कहा, अब राष्ट्र बेसब्री से इंतजार कर रहा है. राष्ट्र बेचैन है, क्योंकि हमारी एक संस्था, जिसे लोग हमेशा से सर्वोच्च सम्मान और आदर की दृष्टि से देखते आए हैं, वह अब कठघरे में खड़ी है. कानून के शासन की अहमियत पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र में आपराधिक न्याय प्रणाली की शुचिता ही उसकी दिशा निर्धारित करती है. उन्होंने कहा कि मामले में प्राथमिकी न दर्ज किए जाने के मद्देनजर फिलहाल कानून के तहत कोई जांच नहीं हो रही है.



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना कटंगी में दोपहर में पूरन गौड़ उम्र 45 वर्ष निवासी जागृतिनगर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 11-30 बजे अपने भाई हरदयाल सिंह, शंकर लाल एवं रिश्तेदार प्रेमसिंह के साथ ग्राम पोनया एवं सूरज काछी साथ में ग्राम हिनौता रिश्तेदारी में जाने की कहकर जबलपुर से बस में बैठकर कटंगी बस स्टेण्ड आये थे साधन न मिलने से सभी पैदल पोनिया हिनौता जा रहे थे जैसे ही कटंगी से मझौली रोड ग्राम धनौली तिराहा के पास पहुँचे तभी कार क्रमांक एमपी 20 बीए 1188 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये हरदयाल सिंह, प्रेम सिंह एव सूरज काछी को पीछे से टक्कर मार

**संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए फागिंग एवं कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव अभियान नगर निगम द्वारा लगातार जारी**

# शहर की कॉलोनियों एवं बस्तियों में सघन रूप से आज भी कराया गया छिड़काव का कार्य - निगमायुक्त

**निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर- 79 वार्डो के कॉलोनियों एवं बस्तियों में सघन रूप से मच्छरों के विनिष्टीकरण के लिए कीटनाशक दवाईयों का कराया गया छिड़काव एवं फागिंग कार्य**









जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर के नागरिकों को संक्रामक बीमारियों के प्रकोप से बचाने तथा रोकथाम के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार लगातार कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराया जा रहा है। निगमायुक्त श्रीमती यादव के निर्देश पर शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो में हैंण्ड स्प्रे, एवं जेट मशीन आदि के द्वारा दोनो समय छिड़काव का कार्य कराया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप, डेंगू मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों को रोकने तथा मच्छरों के विनिष्टिकरण के लिए नगर निगम द्वारा लगातार सघन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। शाम को फागिंग मशीनों के माध्यम से फागिंग के कार्य के अलावा सुबह के समय में बड़े पैमाने पर कीटनाशक दवाईयों का भी गली-गली छिड़काव कराया जा रहा है जिससे नागरिकों को राहत मिल रही है। नगर निगम द्वारा लगातार शहर के सभी मलिन बस्तियों के साथ-साथ कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों, आदि जगहों पर कीटनाशक दवाईयों का सघन रूप से छिड़काव एवं फागिंग का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज मुख्यालय द्वारा सुबह पाली 10 टीमों और सायंकालीन 03 टीम कुल 13 टीमों द्वारा एवं 03 व्हीकल माउंटेन फॉगिंग मशीन एवं 16 पोर्टेबल फागिंग मशीन के माध्यम से फॉगिंग कार्य कराया जा रहा है। सुबह पाली में 90 क्वार्टर, कोष्टा मोहल्ला, फूसागर बस्ती, सतपुड़ा कॉलोनी, पीएचई कॉलोनी, जॉनसन टावर कॉलोनी, त्रिमूर्ति कला, रजक मोहल्ला, पंसारी मोहल्ला, ईसाई मोहल्ला, अन्ना मोहल्ला, 55 क्वार्टर, पत्रकार कॉलोनी, कर्बला बस्ती, बड़ा पत्थर, रक्षा नगर कॉलोनी, कटनी दफाई पिपरिया सोनपुर, यादव मोहल्ला, पीली कोठी, मिशन कंपाउंड नेपियर टाउन, मुस्कान अपार्टमेंट, पटेल नगर, गौतम नगर, आलोक नगर, कमानिया गेट, टेढ़ी नीम जोगी मोहल्ला, सोनाबाई की गली में कीटनाशक दवा छिड़काव किया गया। व्हीकल माउंटेन फॉगिंग मशीन द्वारा वीरसावरकर वार्ड, लाला लाजपत राय वार्ड, ईश्वरदास रोहाणी वार्ड एवं पोर्टेबल फॉगिंग मशीन द्वारा रीवा कॉलोनी, बढ़ई मोहल्ला, काली माता मंदिर, ललपुर बस्ती, अन्ना मोहल्ला, कंचनपुर बस्ती, मिशन कंपाउंड एवं निगम सीमा के अंतर्गत सभी वार्डो में फॉगिंग कार्य कराया गया।

## समाज विशेष को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा संगठन ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विगत दिनों भाजपा के दो कार्यकर्ताओ के बीच फोन पर हुई वार्तापाल में समाज विशेष को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने आचार्य विद्यासागर मंडल के मंडल अध्यक्ष श्रीमती जागृति शुक्ला एवं भाजपा नेता श्री शैलेंद्र सिंह राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। श्री सोनकर ने इस कृत्य की निंदा की है।

जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने नोटिस में कहा है आपके द्वारा फोन पर हुई वार्तालाप में समाज विशेष की भावनाएं आहत हुई है जिससे समाज को आघात लगा है और सामाजिक संगठनों में आक्रोश व्याप्त है इसीलिए 3 दिवस के अंदर इस कृत्य के लिए स्पष्टीकरण दीजिए अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए आप दोनो को 6 वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जा सकता है।

## थाना खमरिया में अवैध गतिविधियों और पुलिस संरक्षण के खिलाफ कल होगा संयुक्त घेराव - नगर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटियों का ऐलान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना खमरिया क्षेत्र में लगातार बढ़ते अपराध, नशे का व्यापार, जुए-सट्टे की खुली दुकानें, होटलों में अनैतिक गतिविधियाँ और पुलिस संरक्षण में फल-फूल रही अव्यवस्था के खिलाफ अब जनता का सब्र टूट चुका है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर कांग्रेस कमेटी एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जबलपुर ने कल, 19 अप्रैल 2025 को थाना खमरिया का संयुक्त घेराव करने का निर्णय लिया है। यह घेराव क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था, जनता की उपेक्षा और पुलिस की संदिग्ध भूमिका के खिलाफ आवाज़ बुलंद करने के लिए किया जा रहा है। गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर सट्टा-जुआ और अवैध चलानी का खुलेआम संचालन गांजा, चरस व अन्य नशीले पदार्थों की निर्बाध बिक्री, खासकर स्कूल, मंदिर और बस्तियों के आसपास क्षेत्र के कुछ होटलों में वेश्यावृत्ति और शराबखोरी जैसे अनैतिक कृत्यों का संचालन, जिसमें पुलिस की चुप्पी सवालों के घेरे में है चालान के नाम पर आम जनता से पुलिस द्वारा की जा रही अवैध वसूली - गाड़ियों को जबरन रोककर, बिना उचित कारण चालान लगाकर नगद वसूली की जा रही हैसंदेह है कि कई अपराधियों को पुलिस का प्रत्यक्ष या परोक्ष संरक्षण प्राप्त है, जिससे जनता में असुरक्षा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है कांग्रेस कमेटियों का स्पष्ट संदेश है - अब ज्ञापन नहीं, एक्शन होगा। यदि प्रशासन ने इन मुद्दों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की, तो यह आंदोलन और तेज़ और व्यापक किया जाएगा। इस घेराव में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा और ग्रामीण कांग्रेस के डॉ. निलेश जैन वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मति सैनी, राजेश पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक हिस्सा लेंगे।

## बांगा बने गुरुनानक एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष त्रि वार्षिकी चुनाव संपन्न



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री गुरु नानक एजुकेशनल सोसायटी, मढ़ाताल के त्रि-- वार्षिकी चुनाव में वरिष्ठ समाजसेवी श्री गजिन्दर सिंह बांगा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया । इसके साथ ही परमजोत सिंह बांगा उपाध्यक्ष, जसप्रीत सिंह आहूजा सचिव, रविंदर सिंह दुआ कोषाध्यक्ष तथा दविंदर सिंह मैनी, अवतार सिंह बांगा, अमरजीत सिंह चावला, मनप्रीत सिंह आहूजा एवं मनमोहन सिंह कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। इस मौके पर सचिव ने विकास कार्यों की जानकारी दी। चुनाव अधिकारी गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर.एस. चंडोक ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

# क्रिकेट का बुखार कर्मचारियों पर भी सवार

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। PPEL लीग 2025 पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार छ्ह्यङ्क्ङ्क ग्राउंड पर सुबह की पहली किरण के साथ पहले मैच की शुरुआत हुई ।

ह्ष्ठङ्क्ङ्स से संतोष शर्मा कप्तान रहे । डॉ एस एस तोमर ,डॉ अविनाश श्रीवास्तव , डॉ राजेंद्र कुर्मी,डॉ मनोज वैश्य, डॉ संजय गुप्ता , की उपस्थिति में डॉ एस एस तोमर रजिस्ट्रार ह्ष्ठङ्क्ङ्स द्वारा टॉस कराया गया । टॉस मंडला की टीम ने जीतकर पहले बोलिंग करने का निर्णय लिया । ओपनिंग अभिलाष ने की जिन्होंने अपनी टीम के लिए 19 रन जोड़े । नॉन स्ट्राइकिंग एंड पर सरोज ने अपनी टीम के लिए 11 रन जोड़े । अच्छी रणनीति का इस्तेमाल करते हुए मंडला की टीम ने ह्ष्ठङ्क्ङ्स टीम को 47 रनों पर ही बांध कर रखा रहा । ह्ष्ठङ्क्ङ्स टीम ने 47 रन पर 7 विकेट के नुकसान पर अपना स्कोर पूरा किया । शुरुआती दौर में लोगों का अनुमान यह रहा कि मंडला की टीम आसानी से यह मैच जीत जाएगी , परन्तु डॉ राम किंकर मिश्रा ने फुर्ती और बुद्धि का उपयोग कर मंडला के जमे हुए खिलाड़ियों को रन आउट कर दिया और जहां से जैस की लोग कहते है कि क्रिकेट बाय चांस मैच ने करवट बदलना शुरू किया । ह्ष्ठङ्क्ङ्स ने अपना मनोबल बनाए रखा , मंडला ने भी संघर्ष पूर्ण मुकाबला किया और अंतिम दौर में



कुशल रणनीति के कारण ह्ष्ठङ्क्ङ्स टीम ने मंडला टीम को 37 रनों पर ही रोक दिया एवं विजय प्राप्त की ।

इस अवसर पर सचिन शर्मा , विनय मेहरा , सोमनाथ सोनी , सुहेल अनवर खान , अर्पित खत्री , रामेंद्र कुशवाहा ,दिव्यांश अग्निहोत्री , नवीन चंदेल , रन बहादुर थापा, जाकिर खान, विपिन बर्मन आदि उपस्थित रहे। शाम की पाली में पहला मैच जबलपुर और अनूपपुर के बीच खेला गया । जिसमें अनूपपुर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया यही निर्णय आगे जाकर गले की फांस साबित हुआ। जबलपुर ने जबरदस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शुरू से ही मैच में दबाव बनाया रखा । जबलपुर की ओर से विपिन बर्मन ने दूसरी ही बॉल पर छक्का मारकर अपनी टीम का कहता खोला । विपिन में 5 छक्के एवं 5 चौकों की मदद से कुल 63 रन बनाए और नारायण ने 7 चौके और 3 छक्के मारकर 54 रनों का योगदान दिया । दोनों ही खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए बिना विकेट खोए 133 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया । इसके बाद जबलपुर टीम ने फील्डिंग में भी अपना दबाव बरकरार रखा और अनूपपुर को रन बनाने नहीं दिए । विकेटकीपर अमित कौरव ने भी अच्छा प्रदर्शन कर टीम की जीत में अपना योगदान दिया । अंततः कप्तान नवीन चंदेल की रणनीति रंग लाई और जबलपुर टीम विजय घोषित हुई। अनूपपुर का स्कोर 4 विकेट पर 40 रन रहा।

दूसरे मैच में ग्वालियर और देवास की भिड़ंत हुई । जिसमें ग्वालियर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और जबरदस्त बोलिंग का प्रदर्शन करते हुये देवास की टीम को 33 रनों के स्कोर पर ही रोक दिया । ग्वालियर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये जीत दर्ज की । ओर साथ ही ग्वालियर टीम गत वर्ष की विजेता भी रही है इस अवसर पर सचिन शर्मा , भूपेंद्र चौहान , रामेंद्र कुशवाहा , विनय मेहरा , सोमनाथ सोनी , सुहेल खान , दीपिका परस्ते , सुभद्रा उईके, पारुल सोनी आदि उपस्थित रहे ।

## संतो को धमकी देना फेसन हो गया है तहसील चौक पर सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे संतो धमकी विरोध ज्ञापन मुख्य मंत्री के नाम



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर संतो के धर्म प्रेमीयों जगह जगह उटपाद संतो को धमकी देना फेसन बनता जा रहा आज हिन्दू संगठन के वरिष्ठ जनों ने साधु संतों को कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा हत्या जैसे कृत्य की धमकी दिए जाने की खिलाफ पुलिस अधीक्षक जबलपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम रविदास समाज जबलपुर में ज्ञापन एवं मांग पत्र सोफा जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए साधु संत समाजसेवी सभी ने प्रशासन से आग्रह किया जबलपुर शहर में लगातार मीडिया के माध्यम से शहर का माहौल बिगड़ने की कोशिश की जा रही है ऐसे कृत्य करने वाले अपराधी बदमाशों पर कठोर से कठोर का प्रवाही करने की मांग की गई कलिकानंद जी स्वामी राजेंद्र चौधरी अशोक चौधरी लक्ष्मी बहन शिवराम बेन सेवा चौधरी जीएस ठाकुर राजेश मर्गकर योगेंद्र राजपूत नरेंद्र वर्मा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए

## राष्ट्रीय पैरा जूडो शिविर हेतु अर्पित का चयन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आगामी पैरा इंटरनेशनल जूडो टूर्नामेंट के लिए लखनऊ में राष्ट्रीय जूडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा 21 अप्रैल से 06 मई 2025 तक किया जा रहा है। जिला जूडो संघ के सचिव व वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान ने बताया की बड़े ही हर्ष का विषय है की हमारे संस्कारधानी के होनहार जूडो खिलाड़ी अर्पित



कुमार का चयन उक्त राष्ट्रीय जूडो प्रशिक्षण शिविर हेतु हुआ है। श्री खान ने आगे बताया की उक्त स्पर्धा 08 से 16 मई 2025 तक कजाकिस्तान के अस्ताना में आईबीएसए पैरा जूडो विश्व चैंपियनशिप आयोजित होनी है। यह खिलाड़ी जबलपुर के वरिष्ठ जूडो कोच आबिद हुसैन खान के मार्गदर्शन में जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कररहे है। खिलाड़ी की इस सफलता पर ओलंपिक संघ के दिग्विजय सिंह, एम. पी. जूडो संघ के जगजीत सिंह संधू, नरेश टटवाड़े, कुरुश दिनशा, भगवान दास, रत्नेश सोनकर, एडवोकेट अताउर्रेहमान अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, तावेज़ अली आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**01704/01703 रीवा-चर्लपल्ली-रीवा द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन ( 10-10 ट्रिप )**

## जबलपुर मंडल के सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों से होकर गुजरेगी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 01704/01703 रीवा - चर्लपल्ली - रीवा द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (10-10 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो जबलपुर मंडल के सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

गाड़ी संख्या 01704 रीवा - चर्लपल्ली द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (10 ट्रिप) गाड़ी संख्या 01704 रीवा - चर्लपल्ली विशेष ट्रेन दिनांक 24 अप्रैल 2025 से 25 मई 2025 तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 14:05 बजे सतना, 14:38 बजे मैहर, 15:50 बजे कटनी मुड़वारा, 17:23 बजे दमोह, 18:30 बजे सागर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन दोपहर 14:45 बजे चर्लपल्ली स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली - रीवा द्वि-साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन (10 ट्रिप) गाड़ी संख्या 01703 चर्लपल्ली - रीवा विशेष ट्रेन दिनांक 25 अप्रैल 2025 से 26 मई 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को शाम 16:55 बजे चर्लपल्ली स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 19:20 बजे सागर, 20:38 बजे दमोह, 22:50 बजे कटनी मुड़वारा, तीसरे दिन 01:38 बजे मैहर 02:05 बजे सतना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन सुबह 03:30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी के हाल्ट- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जंक्शन, पेड्डापल्ली, मंचेराल, बेलमपल्ली, सिरपुर कागज़नगर, बल्हारशाह, नागपुर जंक्शन, आमला जंक्शन, बैतूल, इटारसी जंक्शन, रानी कमलापति, बीना जंक्शन, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना, रीवा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा हृझश्वस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया पर जाएं या ऐप डाउनलोड करें।



भोपाल - किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी संभागों में किसान मेला आयोजित करेगी। उज्जैन संभाग में 3 मई को मंदसौर में पहला किसान मेला आयोजित किया जाएगा। मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के सभी संभागों में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों में किसानों को कृषि, खाद्य प्र-संस्करण, उद्यानिकी और पशुपालन से संबंधित नवीनतम जानकारी दी जायेगी।

**वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के आस्था स्थलों का होगा संरक्षण- मुख्यमंत्री ने जताई प्रवासी पक्षियों पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी और रैप्टाईल्स व जल जीवों के संरक्षण के लिए कार्य योजना की आवश्यकता**

# वन प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होना जरूरी - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन, आजीविका से सम्बद्ध विषय है। जनजातीय क्षेत्र में अपार वन संपदा उपलब्ध है। इसके प्रबंधन में ध्यान रखना होगा कि विकास से जनजातीय वर्ग के हित प्रभावित न हो। भारतीय जीवन पद्धति वनों पर आधारित रही है। वनों के प्रबंधन में औपनिवेशिक सोच से मुक्त होने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विरासत से विकास और प्रकृति को जोड़ते हुए प्रगति और प्रकृति में सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। पेसा एक्ट इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीवन का आनंद समग्रता में है, और प्रकृति आधारित जीवन जीने से कई समस्याओं का समाधान स्वत: ही हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापना, जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर प्रशासन अकादमी में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भगवान बिरसा मुंडा और वीरांगना रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उईके भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में वनों की स्थिति में सुधार और वन प्रबंधन में नवाचार के लिए के लिए वन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण से इको सिस्टम बेहतर हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर चीतों का पुनर्स्थापना हो पाया है। उन्होंने किंग कोबरा सहित रैप्टाइल्स की प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे सर्पदंश की घटनाओं में कमी आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के पूजा और आस्था स्थलों के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। आवश्यकता होने पर केंद्र शासन से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश वन की दृष्टि से बहुत संपन्न है। प्रदेश में यद्यपि कोई ग्लेशियर नहीं है, किन्तु प्राकृतिक रूप से वनों से निकलने वाली जल राशि से ही प्रदेश से निकलने वाली बड़ी नदियां आकार लेती हैं। मध्यप्रदेश से निकली सोन, केन, बेतवा, नर्मदा नदियां देश के कई राज्यों में जल से जीवन पहुंचा रही हैं। बिहार, गुजरात और उत्तर प्रदेश की प्रगति में प्रदेश के वनों से निकले इस जल का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दृष्टि से मध्यप्रदेश के वन, पूरे देश के वन हैं। इन नदियों के संरक्षण और उनके निर्मल अविरल प्रवाह को बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश के वनों का संरक्षण और संवर्धन महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा समग्र के माध्यम से नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है। अन्य नदियों पर भी कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार माना। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश के बड़े क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता और सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल जीवों के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन्य प्राणियों के संरक्षण में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने प्रवासी पक्षियों पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन संरक्षण के साथ-साथ आजीविका को सरल और सुलभ बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला की सफलता की कामना करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ-साथ वन-पर्यावरण के संरक्षण में भी यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी।

केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री यादव ने कहा कि हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित योजनाएं तैयार करने की जरूरत है। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रकृति के संरक्षण के लिए एनवायरमेंट फ्रेंडली लाइफ पर ध्यान देने के लिए जनता को निरंतर प्रेरित कर रहे हैं। पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा। पर्यावरण संरक्षण में सॉलिड वेस्ट और ई-वेस्ट मैनेजमेंट बड़ी चुनौती हैं। प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना आवश्यक है।

केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि विकास की इस धारा में वन और प्रकृति के संरक्षण को साथ लेकर चलना होगा। केंद्र सरकार ने कैपेसिटी बिल्डिंग के माध्यम से वनों में रहने वाले लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिए कार्य किया है। वन और यहां रहने वाले लोगों के विकास और संरक्षण के लिए समग्र चिंतन की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य हो रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम हमारा बड़ा अभियान बन चुका है। नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए सोलर एनर्जी अलायंस बनाया गया है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए भी अलायंस की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय बायोफ्यूल अलायंस बनाया गया है। भारत आज दुनिया के विकासशील देशों में ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व कर रहा है। हमें वोकल फॉर लोकल तो होना है, साथ में भारत को जनजातीय वर्ग और पर्यावरण के संरक्षण में वैश्विक नेतृत्वकर्ता भी बनना है।

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके ने कहा कि जनजातीय समाज और वनों का संबंध अभिन्न है। मिश्रित वनों के शरण के कारण जनजातीय समुदाय वन क्षेत्र से पलायन के लिए विवश हो रहा है। इसी का परिणाम है कि वन प्रबंधन और जनजातीय समुदाय के आजीविका के संसाधनों पर विचार-विमर्श की आवश्यकता उत्पन्न हो रही है।

## पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की स्थानांतरण नीति शीघ्र होगी घोषित- मंत्री पटेल

भोपाल-(आरएनएस) पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम कल्पना चावला पॉलिटेक्निक कालेज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मेसर्स गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड बैंगलोर के सहयोग से शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण की नीति शीघ्र घोषित होगी। इसके अनुसार ही स्थानांतरण किए जाएंगे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन करें। जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस अभियान में जल संरक्षण के कार्य कराएं। गत वर्षों में जिन गांवों में पानी का संकट रहा, वहाँ हैण्डपंप तथा कुओं में रिचार्ज पिट प्राथमिकता से बनाएं। अभियान में शामिल जल संरक्षण कार्यों की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति तत्काल जारी करके निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। अभियान के तहत मनरेगा से मंजूर सभी अधूरे कार्य 15 मई तक पूरे कराएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान से 50 हजार से अधिक खेत तालाबों का निर्माण कराया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि इस योजना से रीवा जिले ही नहीं पूरे विन्ध्य में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। नए पात्र परिवारों को योजना का लाभ देने के लिए एक लाख 72 हजार परिवार चिन्हित किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना से प्रदेश में 27 लाख गरीब परिवारों को आवास मंजूर किए गए हैं। इसके शेष 6 लाख 50 हजार आवास शीघ्र स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब परिवारों को पक्के आवास के लिए सभी एसडीएम प्राथमिकता से जमीन उपलब्ध कराएं। इस योजना से मल्टी स्टोरी आवास भी बनाए जा सकते हैं। पेयजल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिले में औसत से कम वर्षा हुई है। जिले की सभी बसाहटों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट की आशंका हो वहाँ वैकल्पिक स्त्रोत से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों के पास उपलब्ध राशि से स्पॉट सोर्स पर पानी की टंकी रखकर भी पेयजल की आपूर्ति कराएं। जहाँ जरूरत हो वहाँ तत्काल हैण्डपंपों में सिंगल फेज मोटर लगाकर पानी की आपूर्ति करें। जल जीवन मिशन की समूह नल जल योजना से जिन गांवों में पानी दिया जा रहा है,




## नेहरू-गांधी परिवार ने देश को संपत्ति दी है, ली नहीं : दिग्विजय सिंह



भोपाल (आरएनएस)। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर की गई चार्जशीट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के नाम आने पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह बचाव में सामने आए हैं और कहा है कि गांधी परिवार ने देश को संपत्ति दी है, अपने लिए अर्जित नहीं की। साथ ही उन्होंने राज्य के कार्यकर्ताओं से विरोध दर्ज कराने की अपील की है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जो चार्जशीट दायर की है, उसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कई नेताओं के नाम हैं। इस पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक बयान जारी कर कहा है, देश में नेहरू-गांधी ने 1930 से लेकर आज तक अपनी संपत्ति देश को ही सौंपी है। कभी खुद के लिए कोई स्वार्थ सिद्धि से कोई संपत्ति उन्होंने अपने लिए अर्जित नहीं की है, कोई भ्रष्टाचार का आरोप उन पर आज तक नहीं लगा है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस मिलकर ईडी, आईटी और सीबीआई को एक राजनीतिक हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रहे हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। नेशनल हेराल्ड के केस में एक पैसा भी नेहरू-गांधी परिवार ने अपने ऊपर खर्च नहीं किया है। एक रुपया भी उन्होंने अपने काम में उपयोग नहीं किया है। शुद्ध रूप से यह प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट का केस बनता ही नहीं है।

उन्होंने आगे कहा, ईडी, आईटी, सीबीआई कितना ही इसमें जांच कर लें, नेशनल हेराल्ड के केस में किसी भी खाते से पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर आज तक किसी भी नेहरू-गांधी परिवार के सदस्य ने निजी तौर पर एक रुपया, एक पैसे का भी उपयोग नहीं किया है।

## केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के निर्देशों के परिपालन में उच्च स्तरीय बैठक

भोपाल (आरएनएस) केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन में दिये गये निर्देशों के परिपालन में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंत्रालय में गुरूवार को उच्च स्तरीय बैठक ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की गाइडलाइन अनुसार रूपरेखा निर्धारित कर कार्य-योजना बनाई जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक वर्णवाल भी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कमेटी गठित कर सहकारिता एक्ट और गाइडलाइन का अध्ययन किया जाये। यह कमेटी अपनी अनुशंसा उच्च स्तर पर प्रस्तुत करेगी। बैठक में कमेटी के सदस्यों में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक श्री मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक श्री मनोज गुप्ता, अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य श्री पी.एस. तिवारी, संयुक्त आयुक्त श्री के.के. द्विवेदी और श्री एच.एस.बघेला को शामिल किया गया है।

मंत्री श्री सारंग ने को-ऑपरेटिव पब्लिक प्रायवेट पाटनरशिप (सीपीपीपी) मॉडल पर एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश भी दिये।

## प्रदेश का पहला जिला नर्मदापुरम, जहां चारों प्रकार के रेशम का होता है उत्पादन- मंत्री जायसवाल

भोपाल (आरएनएस) कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि नर्मदापुरम, प्रदेश का पहला जिला है, जहां चारों प्रकार के रेशम का उत्पादन होता है। नर्मदापुरम में टसर रेशम, मलबरी रेशम, इरी रेशम और मूँगा रेशम (गोल्डन सिल्क) का उत्पादन किया जाता है। ये चारों प्रकार के रेशम जिले में तैयार किए जाते हैं और देशभर में प्रसिद्ध हैं।

**रेशम उद्योग के विकास को मिलेगी गति**

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नर्मदापुरम में रेशम केंद्र है, जहाँ रेशम के धागे और कपड़ों का उत्पादन किया जाता है। रेशम केंद्र में अब परंपरागत डिजाइनों से हटकर नए डिजाइनों को शामिल करने की तैयारी की जा रही है। जिले में मालाखेड़ी में मध्यप्रदेश की पहली ककून मंडी है, जहाँ रेशम के ककून का बाजार लगता है।

नर्मदापुरम जिले की महिलाएं रेशम उत्पादन से जुड़कर अपना सशक्तिकरण कर रही हैं। मढ़ई रेशम उत्पादन केंद्र को सिल्क टूरिज्म के लिए विकसित किया जा रहा है। रेशम के धागे का उपयोग करके दवाइयां भी बनाई जा रही हैं। जिले में रेशम उत्पादन के विस्तार के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नर्मदापुरम रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र है और रेशम से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं के साथ भी जुड़ा हुआ है।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि नर्मदापुरम में रेशम का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के किसानों को रेशम उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।

रेशम उत्पादन के लिए जिले में अनुकूल जलवायु और परिस्थितियाँ हैं। किसानों को रेशम के कीड़ों का पालन करने और रेशम उत्पादन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रेशम उत्पादन से किसानों को अतिरिक्त आय का साधन मिलेगा और जिले की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। नर्मदापुरम में रेशम उत्पादन के बढ़ने से जिले के किसानों को लाभ होगा।

## राष्ट्रवीर अमर शहीद तात्या टोपे समाधि स्थल पर लगेगा दो दिवसीय शहीद मेला

भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रवीर अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस को याद करते हुए समाधि स्थल पर 18 और 19 अप्रैल को दो दिवसीय शहीद मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के आयोजन को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती सहित अन्य संबंधितजन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा कि अमर शहीद तात्या टोपे शहीद मेला शिवपुरी जिले के लिए एक बड़ा आयोजन है जिसे पूर्ण गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर पालिका शिवपुरी के सीएमओ को कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए हैं।

दो दिवसीय मेले में 18 अप्रैल को प्रात: 8:00 बजे जिला जेल शिवपुरी से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई समाधि स्थल पर पहुंचेगी। प्रात: 9:00 बजे ध्वजारोहण और गार्ड ऑफ ऑनर एवं राष्ट्रगान होगा। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा और अस्त्र-शास्त्र एवं चित्रों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा।

## स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता के लिये विद्यार्थियों से जुड़े सभी कार्य निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार पूरे हों- स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह



भोपाल-(आरएनएस) स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता के लिये विद्यार्थियों से जुड़े सभी कार्य निर्धारित कैलेण्डर में पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति के लिये ऑनलाइन व्यवस्था की प्रशंसा की। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षकों की अटेंडेंस को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर उज्जैन और नरसिंहपुर जिले में तत्काल लागू किया जाये। मंत्री श्री सिंह गुरूवार को लोक शिक्षण संचालनालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सचिव स्कूल शिक्षा श्री संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता, संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह, पाठ्य पुस्तक निगम के एमडी श्री विनय निगम विशेष रूप से उपस्थित थे। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण में संवेदनशील रूख रखने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि स्कूल शिक्षा से जुड़ी केन्द्रीय योजनाओं में राज्य को मिलने वाली राशि को प्राप्त करने के लिये विशेष पहल की जाये। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विभाग में ऐसी व्यवस्था की जाये कि सेवानिवृत्त होने के बाद शिक्षकों और कर्मचारियों के स्वत्वों का भुगतान समय पर हो जाये। जन-प्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्र पर विभाग की ओर से शीघ्र कार्यवाही पत्र भेजने की व्यवस्था की जाये। बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 82 लाख विद्यार्थियों को पाठ्?य पुस्तकों का वितरण होना है। विभाग द्वारा 60 प्रतिशत पाठ्य पुस्तकों के वितरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। कक्षा 1 से 8 तक के करीब 60 लाख विद्यार्थियों को यूनिफार्म डीबीटी के माध्यम से दिये जाने की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में निशुल्क साइकिल, छात्रवृत्ति, लैपटॉप, स्कूटी वितरण की प्रक्रिया समय-सीमा में किये जाने की जानकारी दी गई। बैठक में माध्यमिक शाला से हाई स्कूल, हाई स्कूल से हायर सेकण्डरी स्कूल के उन्नयन की जानकारी दी गई।

## पंचायतें विकसित होंगी तभी विकसित रीवा का सपना साकार होगा- उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद पंच-सरपंचों से संवाद का स्वागत योग्य अवसर आया है। रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल की पहल से ग्राम पंचायतों के विकास को गति मिलेगी। ग्राम पंचायतों का विकास होगा तभी रीवा का विकास संभव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांव के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान कर रहे हैं। रीवा जिले में केवल जल जीवन मिशन से ही तीन हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस का 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। रीवा में लाखों गरीब परिवारों को इनसे पक्के आवास मिले हैं। बेसहारा गायों के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। गौशाला में प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 3500 डॉक्टरों और 10 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती इस माह अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएगी। उप स्वास्थ्य केन्द्र तक टेलीमेडिसिन की सुविधा उपलब्ध हो गई है। पंचायत पदाधिकारियों की जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें हल करके पंचायतों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर पंच परमेश्वर की कल्पना की थी। राष्ट्रपिता की परिकल्पना में पंचायतों का कर्तव्य महत्पूर्ण था। पंचायत राज अधिनियम में कर्तव्यों के स्थान पर ग्राम पंचायतों के अधिकारों को बल दिया गया। पंचायत पदाधिकारी अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दें। विवाद से विकास के कार्य संभव नहीं हैं। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर और प्रशासनिक व्यवस्था से समन्वय बनाकर ही पंचायतों का विकास होगा। ग्राम पंचायतों को गांव की साफ-सफाई, सड़कों के निर्माण, कचरा प्रबंधन, गंदे पानी की निकासी, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शिक्षा के विकास, जल संरक्षण के कार्य तथा सामाजिक विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। पंचायत पदाधिकारियों से मैं लगातार संवाद कर रहा हूँ। ग्राम पंचायत की वास्तविकताओं का मुझे पूरा एहसास है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को सशक्त करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरपंचों की 15 लाख रुपए की सीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। 15वें वित्त आयोग में हर पंचायत को पर्याप्त राशि दी जा रही है। राज्य वित्त आयोग से ग्राम पंचायतों को 1400 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे बढ़ाकर 6 हजार करोड़ रुपए कर दिया है। पंचायतों में अब राशि की कोई कमी नहीं है। हम जिस तरह अपने परिवार का वित्तीय प्रबंधन करते हैं उसी तरह ग्राम पंचायत का भी वित्तीय प्रबंधन करना होगा। ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारी पंचायतों के विकास की मंशा से कार्य कर रहे हैं। इनमें यदि कोई लापरवाही बरतेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरपंच और जनपद सदस्य अपनी कठिनाईयों से अवश्य अवगत कराएं।



भगवान शंकर के दिव्य श्रृंगार में, अब वाले श्रृंगार ने तो मानों दाँतों तले अँगुलि दबाने को विवश कर दिया था। कारण कि भगवान शंकर ने अपनी छाती पर एक माला पहन रखी है। वह माला न तो कोई स्वर्ण धातु से बनी है, और न ही पुष्प इत्यादि की। जी हाँ! वह माला बनी है 'नरमुण्डों' की। खोपड़ियों को एक सूत्र में बाँध कर गले में लटका दिया है। जिसे शिवगण बड़े रौब से माला की संज्ञा दे रहे हैं। भला ऐसी भी माला की कल्पना किसी ने की होगी? यह तो बुद्धि की सीमा से परे सकी बात हो गई।



## घिबली का ट्रेंड

घिबली एप से अपनी तस्वीरों को नया कलेवर देने के लिए लोग पागल हुए जा रहे हैं, बिना यह जाने-समझे कि इसका इस्तेमाल किस कदर खतरनाक है। आजकल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद से अपनी तस्वीरों को स्टूडियो घिबली स्टाइल में बदलने का चलन आम जन को इस कदर अपनी आगोश में लिये हुए है कि इससे होने वाले नुकसान की चिंता किसी को रत्ती भर भी नहीं है। स्वाभाविक रूप से यह गोपनीयता के लिए गंभीर खतरा है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का भी यही मत है कि इसके इस्तेमाल में बेहद सतर्कता और समझदारी की जरूरत है। क्योंकि भले इस तरह के एप और एआई टूल्स सुरक्षित दिखें, मगर इनकी शत्रे और नियम बेहद अस्पष्ट होती हैं। एक बड़ा खतरा निजी तस्वीरों की चोरी और उसके गलत उपयोग का है। कई बार डीपफेक बनाने में कई सेलेब्रिटी की तस्वीरों का उपयोग किया गया है। कई बार तो फोटो या डाटा डार्क वेब को बेचे भी गए हैं। दरअसल, घिबली जापानी एनिमेशन की कला शैली स्टूडियो घिबली का ट्रेंड ओपन एआई के जीपीटी-40 मॉडल है, जिसमें तस्वीरों में महज आपका चेहरा ही नहीं बल्कि आपकी लोकेशन, वक्त और डिवाइस की जानकारी जैसा छिपा हुआ मेटाडाटा भी होता है और ये सभी निजी गोपनीय जानकारी आसानी से दे सकते हैं। हम भारतीयों में भेड़ चाल चलने की बुरी आदत घर कर चुकी है। कोई भी नई तकनीक का इस्तेमाल हम बिना उसके गुण-दोष के आधार पर नहीं करते हैं। साइबर युग में इस तरह की गलती के बेहद खतरनाक अंजाम भुगतने की आशंका बलवती होती है। पहले भी तस्वीरों का डीपफेक की मदद से कितना भद्दा और गंदा मजाक किया गया, यह बताने की जरूरत नहीं है।

# संविधान के संरक्षक के खिलाफरिट मैंडाम सुप्रीम कोर्ट के 142 वाले न्यूक्लियर मिसाइल के लिए क्या कुछ बड़ा करने वाली है मोदी सरकार

अब लोग कयास लगा रहे हैं कि राष्ट्रपति शासन बंगाल में लगाने जा रहे हैं। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। बंगाल में छह महीने बाद ही चुनाव होने हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार ज्यूडिशरी को लेकर कोई कदम उठाने जा रही है। कुछ रिफॉर्म के बारे में काम होने जा रहा हैए जिसकी सुगबुगाहट बीते एक.दो दिन से देखने को मिल रही है।

अफ्वाहेंए अनुमानए अटकलेए आशंकाएं! इस वक्त सत्ता के गलियारों में जबरदस्त सन्नाटा है। सन्नाटा ऐसा कि वो शोर मचा रहा है। शोर इतना है कि लोगों को समझ नहीं आ रहा कि होने क्या वाला हैघ् ऐसा विशेष परिस्थितियों में ऐसा होता है जब खमोशी शोर मचाने लगे। कुछ इसी तरह का माहौल राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सत्ता के गलियारों में मौजूद है। कहा जा रहा है कि आने वाले समय में सरकार कोई बड़ा एक्शन लेने वाली है। दो दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने रात के आठ बजे राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की और दोनों के बीच किसी विषय पर बातचीत हुई है। उसके बाद उसी दिन जेपी नड्डा के घर पर कुछ मिनिस्टर्स पहुंचते हैं क्या बात हुई नहीं पता। उसके बाद प्रधानमंत्री के दफ्तर से पता चलता है कि उनका 19 अप्रैल का श्रीनगर का दौरा रद्द किया जा रहा है। उसके बाद खबर आते हैं कि गृह मंत्रालय के एक हफ्ते के जो भी कार्यक्रम हैं उसे स्थगित किया जा रहा है। उसके बाद खबर आती है कि बुधवार को होने वाली कैबिनेट बैठक रद्द कर दी गई।

अब लोग कयास लगा रहे हैं कि राष्ट्रपति शासन बंगाल में लगाने जा रहे हैं। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। बंगाल में छह महीने बाद ही चुनाव होने हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार ज्यूडिशरी को लेकर कोई कदम उठाने जा रही है। कुछ रिफॉर्म के बारे में काम होने जा रहा हैए जिसकी सुगबुगाहट बीते एक.दो दिन से देखने को मिल रही है। जिसके बारे में हम देख रहे हैं कि अलग अलग लोग अलग अलग तरीके से कोर्ट के बारे में अपने बयान दर्ज करा रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान हैंए जिसमें उन्होंने बताया कि किस तरह से कोर्ट आजकर विधायिका और कार्यपालिका के काम में दखल दे रही है और आर्टिकल 142 के रूप में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

क्या राष्ट्रपति के खिलाफरिट मैंडामस जारी कर सकता है कोर्टघ्

राज्यपाल और तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार में कई सालों से विवाद चल रहा है। कुछ विधेयकों के पास होने और उनकी मंजूरी को लेकर। विधानसभा से पास हुए विधेयकों को राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी। काफी समय बीतने के बाद उसे राष्ट्रपति के पास भेजा। वहां से भी मंजूरी नहीं आई। तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट गई। सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने उसकी सुनवाई की और उसका फैसला आया। वो फैसला आश्चर्यचकित करने वाला है। भारत का संविधान जब से बना है। उसके बाद से ये पहली बार हुआ है कि किसी कंस्टीट्यूशनल कोर्ट ने राष्ट्रपति के खिलाफरिट मैंडामस जारी किया है। रिट मैंडामस एक प्रकार का न्यायिक आदेश है जिसे उच्च न्यायालय निचली अदालतए सरकारी अधिकारीए या सार्वजनिक प्राधिकरण को जारी करता है। इसका उद्देश्य उन्हें कोई विशिष्ट कानूनी कर्तव्य करने के लिए बाध्य करना होता हैए जिसे उन्होंने या तो करने से इनकार कर दिया है या करने में विफल रहे हैं। यानी ये सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है। हमारा संविधान रा ष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों को लीगल इम्युनिटी देता है। यानी उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाई नहीं हो सकती।

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने नहीं दिया है ये फैसला

राज्यपाल या राष्ट्रपति के खिलाफरिट मैंडामस जारी नहीं हो सकती है। ये संवैधानिक प्रश्न है। किसी भी संवैधानिक स्थिति पर फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ द्वारा लिया जा सकता है। जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 145;3द्ध में अनिवार्य है। अनुच्छेद 145;3द्ध में कहा गया है कि संविधान की व्याख्या के संबंध में विधि के किसी सारवान प्रश्न से संबंधित किसी मामले का निर्णय करने के लिए या अनुच्छेद 143 के अंतर्गत किसी संदर्भ की सुनवाई के लिए न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या पाँच होगी। इसमें ऐसे मामलों की सुनवाई करने के लिए संविधान पीठ का विकल्प नहीं दिया गया है। दरअसलए सुप्रीम कोर्ट ने जो निर्णय दिया है वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 की व्याख्या करके दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह बेंच ना संवैधानिक थी और ना ही इसमें न्यूनतम पाँच जज थे।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर चिंता जताई। फैसला कहता है कि राज्यपाल अगर कोई बिल राष्ट्रपति के पास भेज रहे हैं तो राष्ट्रपति को उस पर तीन महीने में फैसला लेना होगा। धनखड़ बोले की भारत में ऐसी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए जहां न्यायपालिका राष्ट्रपति को निर्देश दे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संविधान के संरक्षणए सुरक्षा और बचाव की शपथ लेते हैं। मंत्रीए उपराष्ट्रपतिए सांसद और न्यायाधीश सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं।

# समंदर में वैज्ञानिकों ने देखा रहस्यमय जीव, पहली बार जिंदा देखकर निकल गई चीख

इसी बीच समुद्र की ऐसी जानकारी सामने आई है जिसको प्रत्यक्ष रूप से अपने सामने देखकर खुद वैज्ञानिक भी अपनी खुशी को नहीं रोक सके और उनकी उत्साह में चीख निकल गई। समुद्र की गहराईयों में छिपा रहने वाला एक विशालकाय और दुर्लभ जीव अब दुनिया के सामने आ गया है क्योंकि वैज्ञानिकों ने इसे समुद्र में प्रत्यक्ष रूप से अपने सामने देखा है। समुद्र की गहराइयों में कई रहस्यमई राज छिपे हुए है। इन राजों को बाहरी दुनिया तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक समय समय पर कैमरों की मदद से समुद्र की गहराइयों में जाकर इन राज का पता लगाते है। इसी बीच समुद्र की ऐसी जानकारी सामने आई है जिसको प्रत्यक्ष रूप से अपने सामने देखकर खुद वैज्ञानिक भी अपनी खुशी को नहीं रोक सके और उनकी उत्साह में चीख निकल गई। समुद्र की गहराईयों में छिपा रहने वाला एक विशालकाय और दुर्लभ जीव अब दुनिया के सामने आ गया है क्योंकि वैज्ञानिकों ने इसे समुद्र में प्रत्यक्ष रूप से अपने सामने देखा है। वैज्ञानिकों ने इसे अपने कैमरे में कैद किया जिसकी बदौलत आम लोग इस जीव को देख पा रहे है। जानकारी के मुताबिक अंटार्कटिका के बर्फीले पानी में पहली बार वैज्ञानिकों को कोलोसल स्क्विड को देखा है। ये कोलोसल स्क्विड पूरी तरह से सेहतमंद और जीवीत है। कोलोसल स्क्विड को देखना इतना अद्भुत नजारा था कि रिसर्चर्स की आंखें भी इसे देखकर खुद पर पहली बार में भरोसा नहीं कर सकी। रिसर्चर्स की इस लम्हे को देखकर सांसे थम सी गई थी। बता दें कि कोलोसल स्क्विड को आंखों के सामने जीवित देखना इतना दुर्लभ पल वैज्ञानिकों के लिए इसलिए भी है क्योंकि ये दुनिया का सबसे भारी बिना रीढ़ वाला जीव है।

# राष्ट्र और मानवता के कल्याण हेतु धर्मानुकूल आचरण को अनिवार्य मानते हैं मोहन भागवत

कृष्णमोहन झा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गत दिवस गुजरात के वलसाड जिले के धरमपुरा में स्थित सदगुरु धाम में श्री भावभावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से सचेत किया कि भय अथवा प्रलोभन का दैनिक जीवन में सामना करना पड़ सकता है और ये लोगों को उनके धर्म से दूर ले जा सकते हैं लेकिन धर्म ही खुशी की ओर ले जा सकता है। धर्म हमें जोड़ता है और सही रास्ते पर ले जाता है। इसीलिए भय या प्रलोभन के प्रभाव में आकर लोगों को अपना धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि हम एक जुट होना जानते हैं और एक जुट होना भी चाहते हैं। हम किसी से लडना नहीं चाहते लेकिन आज भी कुछ ऐसी ताकतें मौजूद हैं जो चाहती हैं कि हम अपने आप को बदल बदल दें हमें ऐसी ताकतों से बच कर रहना है।

संघ प्रमुख ने महाभारत काल का एक दृष्टांत देते हुए कहा कि उस काल में धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाली ताकतें मौजूद नहीं थीं लेकिन दुर्योधन ने पांडवों का राज्य हड़पने के लिए जो कुछ किया वह अधर्म था। संघ प्रमुख ने दैनिक जीवन में धार्मिक आचरण को व्यवहार में लाने का आह्वान करते हुए कहा कि लालच और भय हमें अपनी आस्था से विमुख करते हैं इसीलिए सदगुरु धाम जैसे स्थलों का निर्माण किया गया है। लोगों में धार्मिक चेतना के प्रचार प्रसार हेतु सदगुरु धाम के द्वारा संचालित गतिविधियों एवं कार्यों की सराहना करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि यह संस्थान सुदूर आदिवासी क्षेत्रों में जाकर आदिवासियों के उत्थान के लिए सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। अतीत में जब इस तरह के केंद्रों का अभाव था तब तपस्वी गांव गांव में अपने सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को धर्म के मार्ग पर दृढ़ रखते थे लेकिन अब आबादी बढ़ जाने से सदगुरु धाम जैसे केंद्र बन गये हैं जहां समाज के लोग एकत्र हो कर पूजा करते हैं और आध्यात्मिक सत्संग का लाभ प्राप्त करते हैं। यहां उनके कला का अभ्यास करने का अवसर भी मिलता है। संघ प्रमुख ने अपनी इस बात को रेखांकित किया कि सदगुरु धाम जैसे आध्यात्मिक केंद्र लोगों का धर्म परिवर्तन नहीं करते बल्कि उन्हें अपने धर्म पर दृढ़ रहकर धर्म के अनुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे केंद्रों को मजबूत करना हमारी जिम्मेदारी है।इसी से हमारा कल्याण , राष्ट्र की सेवा और संपूर्ण मानवता का कल्याण सुनिश्चित होगा।भागवत ने कहा कि धर्म के अभाव में मनुष्य बुरी आदतों में पड़कर जीवन बर्बाद कर लेता है और धर्म के अनुसार आचरण करने से समाज और राष्ट्र का कल्याण होता है। यही हमारे राष्ट्र की प्रगति भी सुनिश्चित करता है। भागवत ने कहा कि हमारा सनातन धर्म किसी के प्रति दुर्भावना नहीं रखता इसीलिए सारी दुनिया भारत की ओर देख रही है। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत को अपनी आध्यात्मिक परंपरा के मार्ग पर सतत अग्रसर रहना चाहिए क्योंकि सारी दुनिया मानती है कि भारत के पास ही इस क्षेत्र में सारी दुनिया का नेतृत्व करने का सामर्थ्य है।

## सूरज बनेगा बर्फ का गोला, धरती पर आएगी तबाही, बाबा वेंगा की भविष्यवाणी ने उड़ाई नींद

बुल्गारिया के बाबा वेंगा ने अपने जीवनकाल के दौरान कई भविष्यवाणियां की थी, जो आज के समय में भी काफी मान्य है। उनमें से कई भविष्यवाणियां सही तो कुछ गलत भी साबित हुई है। इस बीच बाबा वेंगा द्वारा की गई एक भविष्यवाणी की चर्चा होने लगी है। वर्ष 2201 के लिए बाबा वेंगा ने भविष्यवाणी की है कि इस दौरान सूरज ठंडा होने लगेगा। इसका मुख्य कारण है कि इस दौरान धरती का तापमान तेजी से कम होगा। तापमान में आने वाली कमी के कारण ये असर होगा। सूरज का ठंडा होना कोई आसान काम नहीं है। विज्ञान की नजर में ये प्रक्रिया काफी लंबी है। वैज्ञानिकों की मानें तो सूरज का जीवन लगभग 10 अरब वर्षों का है। अभी सूरज का जीवन लगभग 4.6 अरब साल का हुआ है। अभी 5.6 अरब साल का जीवन सूरज का बचा हुआ है। मगर बाबा वेंगा की भविष्यवाणी के मुताबिक वर्तमान से 175 वर्ष के बाद ही सूरज का तापमान कम होने लगेगा। धरती पर सूरज की रोशनी और गर्मी कम होने लगेगी। वहीं संस्था श्वक्क्स्ष्ट्ह की मानें तो सूर्य के ठंडा होने या इसके रेड जायंट होने की अवस्था में प्रवेश करने में वर्षों का समय लगने वाला है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- अजूबा नहीं

विवेक रंजन श्रीवास्तव

एआई कोई अजूबा नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की ही एक उपज है। यह हमारी जीवनशैली को अधिक आरामदायक, सुलभ और प्रभावशाली बना सकती है-बशर्ते हम इसे विवेक और संतुलन के साथ अपनाएँ।

विद्यालय के दिनों में विज्ञान- लाभ और हानि जैसे विषयों पर भाषण, वाद-विवाद और निबंध लिखना आम बात थी। समय बदला, विज्ञान ने रोज़मर्रा की ज़िंदगी में पहले रेडियो, फिर टेलीविजन, मोबाइल और अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( एआई) के रूप में हमारी जिंदगी आसान बनाने के लिए हस्तक्षेप बढ़ाया है। आज एआई हमारी बातचीत, सोच, कामकाज, और यहां तक कि निर्णयों तक को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में एआई के लाभ और हानि पर विचार करना आवश्यक हो गया है। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता वह तकनीक है, जो मशीनों को सीखने, तर्क करने और निर्णय लेने में सक्षम बनाती है। वर्ष 2025 में वैश्विक एआई बाज़ार 244.22 बिलियन तक पहुँच चुका है, और 2031 तक इसके 26.6त्न की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की संभावना है। यह दर्शाता है कि यह तकनीक केवल भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की भी एक सशक्त वास्तविकता है। एआई के उपयोग से दक्षता और उत्पादकता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। यह 24/7 कार्य कर सकती है, मानव त्रुटियों को कम करती है, और डेटा विश्लेषण द्वारा निर्णय लेने में सहायता करती है। स्वास्थ्य, वित्त और निर्माण जैसे क्षेत्रों में यह क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। उदाहरण के लिए, विनिर्माण इकाइयों में एआई संचालित रोबोट उत्पादन को सुव्यवस्थित करते हैं। एआई आधारित चैटबॉट्स ग्राहक सहायता को बेहतर बनाते हैं-नेटफ्लिक्स की एआई सिफारिशें सालाना 1 बिलियन का मुनाफा कमा रही हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई नई दवाओं की खोज को गति दे रही है-जैसे नवीडिया और फाइज़र का 80 मिलियन का निवेश। यह खतरनाक कार्यों में मानव जीवन की रक्षा करती है, और पर्यावरणीय मॉडलिंग से जलवायु संकट की समझ को बेहतर बनाती है। एआई का सबसे बड़ा योगदान यह है कि यह हर व्यक्ति के पास जानकारी और समाधान की पहुंच संभव बनाता है। इसके चलते शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के नए द्वार खुल रहे हैं। हर क्रांति की एक कीमत होती है। एआई के आगमन से स्वचालन बढ़ा है, जिससे पारंपरिक नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। एचआर, ग्राहक सेवा, लेखांकन जैसे क्षेत्रों में मानव संसाधनों की आवश्यकता घट रही है।

## भगवान शंकर की कौन-सी बात सुनकर नंदी बाबा के आंखों में अश्रु आ गये थे

भगवान शंकर अपने स्नेही शिष्य के मनोभावों को पढ़कर उन्हें अपने समीप बुलाते हैं। वे नंदी के सीस पर हाथ फेरते हुए कहते हैं-हे प्रिय नंदी! तुम नहीं जानते कि तुम कितने महान हो। तुम्हारा मेरे प्रति समर्पण व प्रेम ही वह आधार है, कि मैं भी तुम्हारे प्रति पूर्ण समर्पित हूं।

भगवान शंकर के पावन श्रृंगार की गाथा किसी विरले भाग्यशाली को ही प्राप्त होती है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, कि भोलेनाथ का श्रृंगार अब तक पूर्ण हुआ माना जा रहा था। बस एक सुंदर घोड़ी की विवस्था की जानी बाकी थी। क्योंकि संसार में सभी दूल्हे जब अपनी बारात लेकर निकलते हैं, तो घोड़ी पर ही सवार होकर निकलते हैं। किंतु दूर-दूर तक भी किसी ने घोड़ी की विवस्था नहीं की थी। यह देख एक शिवगण ने भोलेनाथ से प्रार्थना की, कि क्या वे पैदल ही हिमाचल की ओर प्रस्थान करने की इच्छा रखते हैं? क्योंकि घोड़ी तो हम ले ही नहीं पाये। आप बताईये क्या आदेश है?

तब भगवान शंकर बोले-अरे वाह! यह क्या बात कर रहे हो प्रिय गण? जब हम विवाह करने ही बैठे हैं, तो विवाह तो विवाह की ही भाँति करेंगे न? हम भला पैदल बहु बिहाने क्यों चलेंगे?

# भारत से अलग होने की फिराक में है तमिलनाडु? मोदी करेंगे अब्राहम लिंकन वाला इलाज

भारत की जब भी बात होती है तो संविधान के अनुच्छेद 1 को पढ़ा जाना जरूरी होता है। जिसमें कहा गया है कि यानी की भारत राज्यों का एक संघ होगा। यहां पर यूनियन ऑफ स्टेट के कारण ही भारत में आज 28 राज्य और 8 यूनियन टेरटरी मिलकर भारत का निर्माण करते हैं।

1862 का साल अब्राहिम लिंकन अमेरिका के राष्ट्रपति हुआ करते थे। ठीक उसी वक्त साउदर्न स्टेट्स मिलकर बगावत कर देते हैं। अपनी आजादी की मांग करते हैं। अपने आप को आजाद घोषित कर दिया गया। अब्राहिम लिंकन को लोकतंत्र का बहुत बड़ा नेता माना जाता था। उन्होंने सेना भेजी और फिर सख्ती के साथ सारे स्टेट्स के अक्ल ठिकाने ला दिए। कट टू 2019 अमेरिका से 12 हजार किलोमीटर दूर भारत। जब जम्मू कश्मीर के पास धारा 370, 35 ए के तहत विशेष अधिकार हुआ करते थे, तब किस तरह से जम्मू कश्मीर की सत्ता चलती थी ये सभी ने देखा। धारा 370, 35 ए हटा और आज कश्मीर एक बार फिर से विकास की मुख्यधारा पर चल रहा है। लेकिन एक ऐसा राज्य है जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं और वहां के मुख्यमंत्री ने एक प्रस्ताव पारित किया है, उसे और ज्यादा शक्तियां चाहिए। आज हम भारत में एक अनोखे प्रकार के विवाद की चर्चा करेंगे। भारत की जब भी बात होती है तो संविधान के अनुच्छेद 1 को पढ़ा जाना जरूरी होता है। जिसमें कहा गया है कि द्वठ्ठस्त्रद्बड्ड ह्लद्धड्डह्ल द्बह्य ड्ढद्धड्डह्म्ड्डह्ल ह्यद्धड्डद्यद्य ड्ढद्ग ड्ड ह्वठ्ठद्बशठ्ठ शद्घ ह्यह्लड्डह्लद्गह्य यानी की भारत राज्यों का एक संघ होगा। यहां पर यूनियन ऑफ स्टेट के कारण ही भारत में आज 28 राज्य और 8 यूनियन टेरटरी मिलकर भारत का निर्माण करते हैं। यहां पर जो स्टेट वाली बात है वहां ये समझना जरूरी है कि भारत विभाज्य राज्यों का अविभाज्य संघ है। मतलब हमारा एक ऐसा यूनियन है जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। लेकिन राज्यों को तोड़ा जा सकता है, जिससे भारत ने आंध्र से तेलंगाना और उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड का निर्माण किया। ठीक इसी प्रकार से भारत के अंदर संघ को नहीं तोड़ा जा सकता। यानी भारत राज्यों का एक संघ है और ये टूट नहीं सकता। ऐसे में जब हमें वाली लाइन का पता हो और भारत का नक्शा हमें ज्ञात हो कि हमारे यहां किस प्रकार से सारे राज्य हैं। दिशाओं के हिसाब से ऊपर की तरफ उत्तर, नीचे की तरफ दक्षिण, बाईं ओर ईस्ट और दायी ओर वेस्ट में बंटे हुए हैं। ऐसे में भारत की पूरब की तरफ बैठा पश्चिम बंगाल और पश्चिम की तरफ बैठा हुआ तमिलनाडु हाल ही के समय में बहुत सुर्खियों में है।

किसी कानून को लागू करने से इनकार कर सकते हैं राज्य?

बात अगर पश्चिम बंगाल की हो तो हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ये कहते हुए सभी को सकते में डाल दिया कि मैं केंद्र के संसद द्वारा पारित वक्फ कानून के तहत को राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। उनका तर्क है कि यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है, न कि राज्य की ओर से बनाया गया है। एक राज्य के मुखिया होने के नाते केंद्र के साथ और संसद के साथ कही गई बातों पर इस तरह का बर्ताव क्या कानून की कसौटी पर खरी उतरती है। वैसे वक्फ कानून पर बात पूरब से निकलकर चली ही थी और ये दक्षिण की तरफ पहुंच गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य की स्वायत्तता को मजबूत करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति बनाने का ऐलान किया है। यहां पर गौर करने वाली बात ये है कि ऑटोनोमस स्टेट राज्य केंद्र के साथ न होकर अपनी स्वतंत्रत पहचान लेकर आगे बढ़े।

भारत की संवैधानिक स्थिति

भारत का संविधान एक ऐसा ढांचा अपनाता है, जिसमें विधायी शक्तियां तीन सूचियों में विभाजित हैं-

1.यूनियन लिस्ट- केवल संसद को कानून बनाने का अधिकार।

2.स्टेट लिस्ट- केवल राज्य विधानसभाओं को अधिकार।

3.कंकरेंट लिस्ट- केंद्र और राज्य दोनों को कानून बनाने का अधिकार। लेकिन (अनुच्छेद 254 के अनुसार) टकराव की स्थिति में संसद के कानून को महत्त्व मिलता है।

देश से अलग करनी की रणनीति तो नहीं ? बड़ा सवाल ये है कि क्या कोई राज्य अपनी स्वतंत्र पहचान के साथ आगे निकल सकता है। देखने वाली बात ये है कि कोई राज्य ऐसा संभव है जिसकी अपनी अलग पहचान हो, बिल्कुल वैसे ही जैसे कभी जम्मू कश्मीर 370 के माध्यम से अपने आप को अलग मानता था। क्या राज्य तमिलनाडु केंद्र या फिर अन्य राज्यों के साथ खुश नहीं है या फिर देश से अलग होने की कोई नीति लगाई जा रही है। मुख्यमंत्री का कहना है कि केंद्र द्वारा राज्यों के अधिकारों को धीरे-धीरे छीना जा रहा है। यह सिर्फ तमिलनाडु नहीं, पूरे भारत के राज्यों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु की आवाज राज्यों की स्वायत्तता पर चर्चा की पहली आवाज होगी। उच्च स्तरीय समिति राज्य की स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के वीच संबंधों की विस्तार से जांच करेगी।

स्टालिन के कदम के पीछे का मकसद क्या है?

समिति केंद्र और राज्यों के संबंधों की समीक्षा करेगी। राज्यों के अधिकार कैसे कम हो रहे हैं, यह देखेगी। जो विषय पहले राज्यों के अधिकार में थे, लेकिन अब केंद्र के पास चले गए हैं, उन्हें वापस राज्यों को कैसे दिया जा सकता है, इस पर सुझाव देगी। जनवरी 2026 तक अंतरिम, 2 साल में अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी।

लगातार केंद्र से टकराव

तमिलनाडु सरकार चाहे वो भाषा का मुद्दा हो, नीट से जुड़ा मामला या फिर राज्यपाल से संबंधित विषय हो। डीएमके द्वारा शासित ये राज्य आज केंद्र की सरकार के साथ इस तरह विवाद में फंसा है कि वो कुछ अलग कर गुजरने की कोशिश में किसी भी हद तक जाने को तैयार नजर आ रहा है। लेकिन भारत को इस तरह से कोई राज्य छोड़कर जा सकता है। क्या कोई राज्य अपनी स्वतंत्र सत्ता चला सकता है?

राज्य क्यों उठाते हैं स्वायत्ता की मांग

तमिलनाडु ने 1969 में एक राज्य मन्नार कमीशन बनाया गया था। इसका मकसद यही था कि स्वायत्ता ज्यादा से ज्यादा राज्यों को दी जाए। 1977 में वेस्ट बंगाल मेमोरेंडम बंगाल सरकार ने जारी किया था। यानी स्वायत्ता की मांग समय समय पर उठती रही है। लेकिन संविधान में सातवीं अनुसूचि है

# -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन शुभ रहने वाला है। शिक्षकों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला हैं। आपको जल्द ही बड़ी सफलता मिलने वाली है। अगर आप अपनी पढ़ाई पूरी कर चुके हैं,

वृष राशि: आज आपके लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको नौकरी में तरक्की के साथ-साथ आपकी इनकम में इंक्रीमेंट होने के योग हैं।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। लेखन आदि कार्यों से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यस्थल पर अफसरों के साथ सद्भाव बनाकर रखेंगे। आपको तरक्की के कई मौके मिलेंगे।

कर्क राशि: आज आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। बिजनेस करने वालों को किसी अच्छी कंपनी से जुड़कर बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा मौका मिलेगा।

सिंह राशि: आज आपके लिए दिन पॉजिटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा। सीनियर्स आपके काम से प्रसन्न होंगे। आपके लिए पदोन्नति के आसार हैं। कार्यस्थल पर समझदारी पूर्वक लिए गए फैसले आपको बेहतर परिणाम देंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन खास रहने वाला है। किसी पुरानी जमीन जायदाद से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको सरकारी क्षेत्र में अच्छी नौकरी मिलेगी। आप और आपका परिवार बहुत खुश होगा। आपकी आमदनी अच्छी रहेगी।

तुला राशि: आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में कुछ परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं।

धनु राशि: आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से संबंधी आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी?।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। नौकरी ढूंढ रहे युवाओं को अच्छी नौकरी मिलने के योग हैं। प्रापर्टी डीलर का काम करने वालों के कामकाज बेहतर रहेंगे। मास्टर डिग्री ले रहे हैं

मीन राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। आपको किसी अच्छी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर मिलेगा। जिससे आपका भविष्य सुरक्षित होगा।



राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा विधेयकों को मंजूरी न देने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जगदीप धनखड़ की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति को पता होना चाहिए कि राज्यपाल और राष्ट्रपति मंत्रिपरिषद की 'सहायता और सलाह' पर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि जगदीप धनखड़ का बयान देखकर मुझे दुख और आश्चर्य हुआ। आज के समय में अगर किसी संस्था पर पूरे देश में भरोसा किया जाता है तो वह न्यायपालिका है।

# राहुल गांधी और कांग्रेस को लगता है उन्हें देश को लूटने का जन्मसिद्ध अधिकार है, कानूनी कार्रवाई से नहीं बच सकते : मनजिंदर सिंह सिरसा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार में मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस को लगता है कि उन्हें देश को लूटने का जन्मसिद्ध अधिकार है।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने वीडियो बयान में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस को लगता है कि उन्हें देश को लूटने और भ्रष्टाचार करने का जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्हें लगता है कि इसका उनसे कोई जवाब नहीं मांग सकता। नेशनल हेराल्ड अखबार को देश की जनता ने एक-एक दो-दो रुपये इकट्ठा करके देश की आजादी की लड़ाई के लिए शुरू किया था, उसकी सारी संपत्ति को राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने एजीएल के माध्यम से अपने नाम करवा लिया।

उन्होंने आगे कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अब कार्रवाई करते हुए उन संपत्तियों को सीज कर रहा है, राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर रहा है, तो वे सड़कों पर उतरकर गुंडागर्दी कर रहे हैं। राहुल गांधी कह रहे हैं कि मुझे देश के कानून पर विश्वास नहीं है। मैं देश के कानून को नहीं मानता। उन्होंने आगे कहा कि देश का कानून राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर भी लागू होता है। यदि आपको कोई गलतफहमी है तो उसे ठीक कर लीजिए। शायद 60 साल में लागू नहीं हुआ होगा, क्योंकि गांधी परिवार और नेहरू परिवार की चल रही थी। देश का कानून मजबूत है और गांधी परिवार को सबक सिखाने के लिए यही उचित कानून है, आपको इसका पालन करना होगा। इस कानून के तहत आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि आपने देश को लूटने का काम किया है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, राहुल गांधी और कांग्रेस को लगता है कि उन्हें देश को लूटने का जन्मसिद्ध अधिकार है। नेशनल हेराल्ड घोटाला गांधी परिवार के लालच को बेनकाब करता है। 2008 में अखबार बंद होने के बाद कांग्रेस ने पार्टी फंड से 90 करोड़ एक निजी कंपनी एजेएल को दे दिए, जो पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है। जब गांधी परिवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है तो राहुल गांधी कह रहे हैं, मैं देश के कानून को नहीं मानता, राहुल गांधी, सड़कों पर गुंडागर्दी करने से आप कानूनी कार्रवाई से बच नहीं सकते, आपने देश को लूटा है, उसका हिसाब तो देना पड़ेगा।

**नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार को कानून का सामना करना होगा : केशव प्रसाद मौर्य**

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की ओर से दायर की गई चार्जशीट पर टिप्पणी की। इसके अलावा, उन्होंने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं पर भी राय व्यक्त की। केशव प्रसाद मौर्य ने बंगाल में हुई हिंसा के लिए सीधे तौर पर प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया।

केशव प्रसाद मौर्य ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार्जशीट दाखिल की है। अगर कांग्रेस देश के कानून का सम्मान करती है, तो भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने और कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून अपना काम करेगा और जो भ्रष्टाचारी है, वह नहीं बचेगा। ईडी ने चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और वे इस मामले में जमानत पर हैं। अगर कांग्रेस बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान और देश के कानून का सम्मान करती है, तो उसे भ्रष्टाचार के आरोपों की सजा भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ईडी की कार्रवाई के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करना कांग्रेस की घटिया और निम्न मानसिकता को दर्शाता है। देश के 140 करोड़ लोगों के लिए संविधान और कानून एक समान है। लेकिन कांग्रेस यह सोचती है कि गांधी परिवार के सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कानून काम न करे,




दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में अकबर रोड स्थित एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप दायर करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात में कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल के साथ बैठक की अध्यक्षता की। साथ में मुकुल वासनिक, शक्तिसिंह गोहिल, अमित चावड़ा, अरावली और अन्य.

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट में बहस, सीजेआई बोले- आर्टिकल 26 धर्मनिरपेक्ष, यह सभी पर लागू

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। वक्फ कानून को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष इस अहम मामले में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें रखनी शुरू कीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बहस की शुरुआत की, जिसके बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलीलें पेश कीं।

सिब्बल ने अनुच्छेद 26 का जिक्र किया। फिर कहा अगर मुझे वक्फ बनाना है तो मुझे सबूत देना होगा कि मैं 5 साल से इस्लाम का पालन कर रहा हूं, अगर में मुस्लिम ही जन्मा हूं तो मैं ऐसा क्यों करूंगा? मेरा पर्सनल लॉ यहां पर लागू होगा। अगर वक्फ बनाने वाला कागजात देता है तो वक्फ कायम रहेगा। इस पर सीजीआई ने कहा अनुच्छेद 26 धर्मनिरपेक्ष है और ये सभी समुदायों पर लागू होता है। वहीं, अधिवक्ता सिंघवी ने कोर्ट के समक्ष कहा कि देशभर में करीब आठ लाख वक्फ संपत्तियां हैं, जिनमें से चार लाख से अधिक संपत्तियां 'वक्फ बाई यूजर' के तौर पर दर्ज हैं। उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई कि वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन के बाद इन संपत्तियों पर खतरा उत्पन्न हो गया है।

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि जब वे दिल्ली हाईकोर्ट में थे, तब उन्हें बताया गया था कि वह जमीन वक्फ संपत्ति है। उन्होंने कहा, हमें गलत मत समझिए, हम यह नहीं कह रहे हैं कि सभी वक्फ बाई यूजर संपत्तियां गलत हैं। बहस के दौरान सिंघवी ने यह भी कहा कि उन्हें यह तक सुनने में आया है कि संसद भवन की जमीन भी वक्फ की है। उन्होंने कोर्ट से पूछा कि क्या अयोध्या केस में जो फैसले दिए गए, वे इस मामले में लागू नहीं होते? उन्होंने संशोधित वक्फ अधिनियम पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की और कहा कि जब तक इस पर अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक संशोधन लागू नहीं किया जाना चाहिए।

इस बीच, अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने भी कहा कि अधिनियम की धारा 3(आर) के तीन पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है। खासकर इस बात पर कि 'इस्लाम का पालन करना' यदि आवश्यक धार्मिक अभ्यास माना जाता है, तो इसका प्रभाव नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भी पड़ सकता है। अहमदी ने कहा कि यह अस्पष्टता पैदा करता है।

**हिसार एयरपोर्ट के निकट बनाया जाएगा आईएमसी : सैनी**

चंडीगढ़ । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि हिसार एयरपोर्ट के निकट लगभग तीन हजार एकड़ में औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित किया जाएगा। सैनी ने इस संबंध में नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बाद में जा बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के नजदीक लगभग 3 हजार एकड़ में औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित किया जाएगा। इस पर लगभग 4,680 करोड़ की लागत आएगी।

## केजरीवाल और भगवंत मान के खिलाफ भी दर्ज होनी चाहिए एफआईआर : परगट सिंह

मोहाली (आरएनएस)। पंजाब में कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला गरमा गया है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने एफआईआर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की एफआईआर तो केजरीवाल और भगवंत मान पर भी होनी चाहिए।

कांग्रेस विधायक परगट सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, जिस तरह से प्रताप सिंह बाजवा पर एफआईआर की गई है, इस तरीके की 100 एफआईआर भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल पर होनी चाहिए, क्योंकि उनकी तरफ से भी गलत जानकारियां दी गई हैं। दिल्ली चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि हमारे पानी में जहर घोल दिया गया है। जब चुनाव आयोग ने इस मामले पर नोटिस जारी किया तो उन्हें माफी मांगनी पड़ी थी।

उन्होंने आगे कहा, इस तरह की एफआईआर पहले भी दर्ज की गई हैं। भारत भूषण आशु, किक्की ढिल्लों और सुखपाल सिंह खैरा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन उनका क्या रहा? मुझे लगता है कि यह एफआईआर भी लोटस ऑपरेशन की तरह है, क्योंकि उनके ही विधायक ने बयान दिया था कि 25-25 करोड़ रुपए ऑफर किए गए थे। इसका कोई फायदा नहीं होगा।




कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नई दिल्ली में अकबर रोड स्थित एआईसीसी मुख्यालय में सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा आरोप दायर करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## सॉरी ! घर गिराने के बाद नगर निगम ने मांगी माफी, बोला- सुप्रीम कोर्ट का आदेश पता नहीं था

मुंबई (आरएनएस)। सांप्रदायिक हिंसा के आरोपियों की संपत्तियों पर कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट की स्पष्ट हिदायतों के बावजूद नागपुर नगर निगम (एनएमसी) ने एक आरोपी का मकान गिरा दिया। अब इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच के समक्ष निगम ने बिना शर्त माफी मांगी है।

नगर निगम आयुक्त अभिजीत चौधरी की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि नगर निगम के टाउन प्लानिंग और स्लम विभाग के अधिकारी नवंबर 2023 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अनजान थे। इसी कारणवश फहीम खान का दो मंजिला मकान 24 मार्च को गिरा दिया गया। यह कार्रवाई नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से की थी, जिसकी तुलना उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में हुई बुलडोजर कार्रवाई से की जा रही है। बता दें कि फहीम खान माइनॉरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के प्रमुख हैं। उन्हें 19 मार्च को नागपुर के महल इलाके में हुई सांप्रदायिक हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन पर आगजनी, पथराव और देशद्रोह जैसे गंभीर आरोप हैं।

## भाजपा बंगाल की सत्ता में आई तो खाना भी बंद कर देगी- ममता

कोलकाता ,16 अप्रैल (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिम मौलवियों के साथ एक बैठक में भाजपा पर राज्य में ध्रुवीकरण करने और उनकी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर मुसलमानों का खाना भी बंद कर देगी और दिल्ली में बंगाली इलाकों में मछली और मांस बंद करने का उदाहरण दिया। ममता बनर्जी ने वक्फ एक्ट में बदलाव को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा ने संविधान संशोधन के बजाय चाल चली है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ...क्या अब आपके (भाजपा) पास अकेले बहुमत है? आपके पास नहीं है, फिर भी आप ये सब करते हैं। आज देखिए, चंद्रबाबू नायडू चुपचाप बैठे हैं। नीतीश बाबू चुपचाप बैठे हैं, पूरा समर्थन दे रहे हैं। क्यों? क्योंकि भाजपा उन्हें कुछ शक्ति दे देगी। क्या आप इस शक्ति के लिए अपना दिल और खून भी दे देंगे? क्या आपको उन्हें वोट देना चाहिए?

ममता बनर्जी के इन आरोपों पर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुस्लिम मौलवियों के साथ ममता बनर्जी की बैठक को दंगाइयों का जमावड़ा बताया और आरोप लगाया कि ममता बनर्जी उन्हें दिल्ली जाकर दंगा करने के लिए उकसा रही हैं। अधिकारी ने कहा कि दिल्ली जाने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश से होकर गुजरना होगा, जहां नीतीश कुमार और योगी आदित्यनाथ की सरकारें हैं। उन्होंने ममता बनर्जी के आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा कि क्रस्न ने गौ तस्करी और मानव तस्करी को रोका है।

### रिहैब सेंटर में मरीज के साथ क्रूरता की हदें पार, पहले घसीटा फिर की बेरहमी से पिटाई , वीडियो वायरल

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक के बेंगलुरु से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित एक पुनर्वास केंद्र (रिहैब सेंटर) में एक मरीज के साथ क्रूरता की हदें पार करते हुए मारपीट की जा रही है। वीडियो में एक व्यक्ति पहले मरीज को घसीटता हुआ दिखाई दे रहा है, और फिर उस पर लगातार डंडों से वार कर रहा है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। सामने आए सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी एक कमरे में इलाज करा रहे व्यक्ति को बंद कर देता है और फिर बेरहमी से डंडे से पीटता रहता है। चौंकाने वाली बात यह है कि वहां मौजूद अन्य लोग इस पूरी घटना को मूक दर्शक बनकर देखते रहते हैं। वीडियो में पीड़ित को लगातार पीटा जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बेंगलुरु से लगभग 30 किलोमीटर दूर नेलमंगला ग्रामीण क्षेत्र के अंदर स्थित एक निजी पुनर्वास केंद्र का है।



सिल्क्यारा सुरंग का एक मनमोहक दृश्य, जहां उत्तरकाशी में सफलता कार्यक्रम आयोजित किया जाना है.



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ब्राजील के साओ पाउलो में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक के दौरान ब्राजील के कृषि व्यापार समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए.

# चुनाव आयोग ने पहली बार 'बीएलए' को दिया प्रशिक्षण, बिहार के 280 एजेंट्स शामिल

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी।

ईसीआई की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पहली बार बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) के लिए प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में बिहार के 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 280 बीएलए हिस्सा ले रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एजेंट्स को संबोधित किया। यह प्रशिक्षण 4 मार्च, 2025 को आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन में तय किया गया था। आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में बीएलए की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 और ईसीआई के दिशा-निर्देशों के तहत अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने में मदद करेगा।

बीएलए को कानूनी ढांचे के अनुसार उनकी नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलए को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया, जिसमें मतदाता सूचियों की तैयारी, अपडेट और संशोधन तथा संबंधित प्रपत्र और प्रारूप शामिल हैं।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के प्रावधानों के अनुसार बिना गलती के वोटर लिस्ट सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशन के बाद असंतुष्ट होने पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24(ए) और 24(बी) के तहत पहली और दूसरी अपील के प्रावधानों के उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।



निर्देशक-निर्माता करण जौहर पिछले साल से ही अपने वजन में भारी कमी के लिए चर्चा में हैं। हालांकि इस बात की चर्चा ज़ोरों पर है कि वे वजन घटाने वाली दवाइयों का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन करण जौहर ने ( एक बार फिर ) दावा किया कि उनकी स्वस्थ जीवनशैली ने उन्हें वजन कम करने में मदद की। गुरुवार को निर्देशक ने इंस्टाग्राम लाइव होस्ट किया, जहां उन्होंने कहा, 卐इसकी शुरुआत तब हुई जब मुझे पता चला कि मुझे अपने रक्त स्तर को सही करने की ज़रूरत है।

# भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने



भोजपुरी फिल्मों और टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने अपने लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है. हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ हॉट और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. आकांक्षा ने इन तस्वीरों में ऑरेंज कलर की बोल्ड ड्रेस पहनी हुई है और उनके स्टाइलिश अंदाज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. उनके इस लुक पर फैंस और सेलेब्रिटीज कमेंट कर तारीफों के पुल बांध रहे हैं. किसी ने उन्हें ग्लैम क्वीन कहा तो किसी ने उनकी तुलना बॉलीवुड डीवाज से कर दी.

गौरतलब है कि आकांक्षा पुरी सिर्फ भोजपुरी फिल्मों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्होंने बॉलीवुड और टीवी में भी अपनी एक खास पहचान बनाई है. बिग बॉस ओटीटी और कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकीं आकांक्षा अपने फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं.

उनकी यह पोस्ट न सिर्फ उनके फैंस बल्कि फैशन लवर्स के बीच भी चर्चा का विषय बन गई है. इंस्टाग्राम पर उनकी इन तस्वीरों को अब तक हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल चुके हैं, जिससे यह साफ है कि उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है.

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी की नई फिल्म कोस्टाओ का ऐलान, कस्टम अधिकारी की भूमिका में आएंगे नजर

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं. उनकी नई फिल्म कोस्टाओ का ऐलान कर दिया गया है. यह फिल्म एक बायोपिक है, जिसमें नवाजुद्दीन, कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका निभाएंगे. फिल्म का निर्देशन सेजल शाह कर रहे हैं और इसे विनोद भानुशाली प्रोड्यूस कर रहे हैं. कोस्टाओ एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जो 1990 के दशक में गोवा में सोने की तस्करी के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई की सच्ची कहानी पर आधारित है.

यह फिल्म उस दौर की कहानी है, जब भारत में तस्करी का बोलबाला था और गोवा इसके केंद्र में था. समुद्र के रास्ते सोने की अवैध तस्करी होती थी,

# निधि अग्रवाल ने हरि हर वीरा मल्लू में अपनी भूमिका के बारे में बात की

निधि अग्रवाल ने हरि हरा वीरा मल्लू में मुख्य महिला प्रधान भूमिका निभाई है, जिसमें पवन कल्याण एक डाकू की मुख्य भूमिका में हैं। यह पीरियड ड्रामा जल्द ही रिलीज़ के लिए तैयार है।

हरि हर वीर मल्लू की टीम ने एक वीडियो जारी किया जिसमें निधि ने अपने किरदार पंचमी का खुलासा किया।

मैं हरि हर वीर मल्लू में पंचमी का किरदार निभा रही हूँ। पंचम एक ऐसी लड़की है जो बलशाली, स्वतंत्र और भावुक है। उसकी अपनी कहानी और अपना उद्देश्य है, उन्होंने कहा। मैं कहूंगी कि पंचमी एक बहुत बहादुर और बुद्धिमान लड़की है।

निधि अग्रवाल ने कहा कि यह किरदार निभाना बहुत मजेदार था।

**नरेश अगस्त्य राबिया खातून की फिल्म मेघलु चेप्पिना प्रेमा कथा का फर्स्ट लुक जारी**

मेघलु चेप्पिना प्रेम कथा का फर्स्ट लुक जारी। नरेश अगस्त्य ने फिल्म मथु वडालारा से प्रसिद्धि पाई। उन्होंने काली और विकटकवि जैसी फिल्मों में अभिनय किया। अब वह एक रोमांटिक फिल्म के साथ मनोरंजन करने आ रहे हैं और इसका दिलचस्प नाम मेघलु चेप्पिना प्रेम कथा है। इस फिल्म में राबिया खातून मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन विपिन ने किया है। निर्माताओं ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया



### द भूतनी की रिलीज डेट पोस्टपोन, अब अजय देवगन की रेड 2 से टकराएगी संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी

संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर द भूतनी का रिलीज डेट पोस्टपोन कर दिया गया है. यह फिल्म इस हफ्ते रिलीज होने वाली थी, जो कि अब नहीं होगी. मेकर्स ने आखिरी समय में फिल्म की रिलीज डेट बदलने का फैसला किया है. अब द भूतनी बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की रेड 2 से टकराएगी. संजय दत्त ने एक्स हैंडल पर द भूतनी की नई रिलीज डेट का खुलासा किया है. उन्होंने नई रिलीज डेट के साथ एक हॉरर फिल्म का नया पोस्टर साझा किया और कैप्शन में लिखा है, इंसान मोहब्बत वाली डेट फिक्स कर सकता है, भूतनी के आने की नहीं... वो कब आएगी, कैसे आएगी, ये सिर्फ वही जानती है. लगा था 18 अप्रैल को आएगी लेकिन अब आ रही है 1 मई को, तैयार रहना. द भूतनी- 1 मई 2025 को सिनेमाघरों में. अब द भूतनी 1 मई 2025 को रिलीज होगी. ध्यान देने वाली बात यह है कि संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म अब मजदूर दिवस यानी महाराष्ट्र दिवस पर अजय देवगन और रितेश देशमुख की रेड 2 से क्लैश करेगी.

द भूतनी का अजय देवगन की फिल्म रेड 2 से जबरदस्त क्लैश होने वाला है. सभी जानते हैं कि अजय देवगन और संजय दत्त के बीच दोस्ती का रिश्ता काफी मजबूत है. इसलिए, दोनों एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी होने के बावजूद एक दूसरे की फिल्मों का समर्थन करेंगे. द भूतनी का निर्देशन सिद्धांत सचदेव ने किया है. इसमें सनी सिंह, पलक तिवारी, निक और आसिफ खान भी मुख्य भूमिकाओं में हैं. संजय दत्त ने दीपक मुकुट के साथ मिलकर इस फिल्म का सह-निर्माण किया है. संजय दत्त बहुप्रतीक्षित फिल्म बागी 4 की कास्ट में शामिल हो गए हैं. अपने किरदार के पहले पोस्टर में, एक्टर एक खतरनाक अंदाज में नजर आए. पोस्टर में एक टैगलाइन भी है, हर आशिक एक खलनायक है.

# जाट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन: 5 दिनों में 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार, बनी 2025 की चौथी सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म

सनी देओल की फिल्म जाट बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है. यह फिल्म 10 अप्रैल, 2025 को स्क्रीन पर आई. इस लेटेस्ट एक्शन फिल्म ने ओपनिंग डे पर शानदार कमाई की और सनी देओल की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बनकर उभरी. वहीं, पहले वीकेंड पर खास तौर पर रविवार को फिल्म की कमाई में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली. पिछले चार दिनों के शानदार प्रदर्शन के बाद, अंबेडकर जयंती की छुट्टी पर भी यह अच्छा रुझान दिखा रही है. तो चलिए जानते हैं कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जाट का कलेक्शन कितना हुआ है...

सनी देओल-रणदीप हुड्डा की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म जाट ने वीकेंड पर अच्छी कमाई की है. मेकर्स के मुताबिक, जाट ने पहले दिन 11.6 करोड़ रुपये कमाए. जबकि दूसरे दिन यानी शुक्रवार को इसने 8.5 करोड़ रुपये के साथ 2 दिनों में 20.1 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. शनिवार और रविवार को फिल्म के कलेक्शन में उछाल देखा गया.

शनिवार को फिल्म ने 12.1 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद 3 दिनों के बाद फिल्म का टोटल कलेक्शन 32.2 करोड़ रुपये हो गए. रविवार को फिल्म ने सबसे ज्यादा कमाई की. मेकर्स की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने 17.1 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद 4 दिनों के बाद फिल्म का टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 49.3 करोड़ रुपये हो गया है.

14 अप्रैल को जाट ने अच्छी कमाई की है. फिल्म को अंबेडकर जयंती की छुट्टी का भरपूर फायदा मिला है. सनी देओल की एक्शन थ्रिलर फिल्म ने फर्स्ट मंडे को 8.9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इस प्रकार, भारत में जाट ने 5 दिनों में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. मेकर्स की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, जाट का कुल कलेक्शन 58.2 करोड़ रुपये हो गया है.

सनी देओल की नई फिल्म जाट अब 2025 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई है. इसने ओपनिंग वीकेंड में 49.3 करोड़ की कमाई की है. आईएमबीडी के अनुसार, पहले नंबर पर विक्की कौशल की छावा है, जिसने 59 दिनों में 600.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. दूसरे पायदान पर सलमान खान की सिकंदर है, जिसने 15 दिनों में 109.1 करोड़ रुपये कमाए है. इसने 9 दिनों में ही दुनियाभर में 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था. यह फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में बनी हुई है. तीसरी स्थान पर अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स है. इसने दुनियाभर में 155.4 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 122.3 करोड़ रुपये कमाए थे. 5वें नंबर पर शाहिद कपूर की देवा है. इसने भारत में 35.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था.

सनी देओल की नई फिल्म जाट ने 1997 में रिलीज हुई बॉर्डर को पीछे छोड़ दिया है. गोपीचंद मालिनेनी निर्देशित ने बॉर्डर का लाइफटाइम कलेक्शन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

### ग्राउंड जीरो कश्मीर में रचेगी इतिहास, 38 साल बाद श्रीनगर में होने जा रहा पहली फिल्म का रेड कार्पेट प्रीमियर

ग्राउंड जीरो की श्रीनगर (कश्मीर) में होने जा रही प्रीमियर के जरिए मेकर्स की ये खास कोशिश है कि सबसे पहले ये फिल्म उन जांबाज जवानों और आर्मी अफसरों को दिखाई जाए, जो सरहद पर खड़े होकर हमारी हिफाजत कर रहे हैं. एक्शन थ्रिलर ग्राउंड जीरो को लेकर हर दिनों जोश और उत्साह बढ़ता जा रहा है. दमदार ट्रेलर रिलीज के बाद फिल्म के नए-नए पोस्टर्स ने भी लोगों की दिलचस्पी और बढ़ा दी है. इसी बीच अब ये फिल्म इतिहास रचने जा रही है, ग्राउंड जीरो होगी 38 साल बाद श्रीनगर (कश्मीर) में रेड कार्पेट प्रीमियर पाने वाली पहली फिल्म. प्रीमियर 18 अप्रैल को होगा और इसे लेकर फैंस और इंडस्ट्री दोनों में जबरदस्त क्रेज है. ग्राउंड जीरो 18 अप्रैल को श्रीनगर में होने वाले अपने रेड कार्पेट प्रीमियर के साथ नया इतिहास रचने जा रही है. हैरानी की बात ये है कि पिछले 38 सालों में श्रीनगर में किसी भी फिल्म का प्रीमियर नहीं हुआ

# गर्मियों में बार-बार पेशाब आना कई बीमारियों के हो सकते हैं लक्षण, जानिए क्या कहते हैं डॉक्टर



आमतौर पर लोग गर्मी के मौसम में कम पेशाब करते हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर के ज्यादातर विषाक्त पदार्थ पसीने के जरिए बाहर निकल जाते हैं. अगर आपको गर्मियों में भी बार-बार पेशाब आने की जरूरत महसूस होती है, तो सावधान हो जाइए. ऐसा इसलिए क्योंकि यह एक या दो नहीं बल्कि कई बीमारियों का लक्षण हो सकता है. गर्मियों में बार-बार पेशाब आने से यूटीआई, किडनी की समस्या और मूत्राशय की समस्या हो सकती है. गर्मियों में आमतौर पर ज्यादा पानी पिया जाता है. इसलिए हम यह मान लेते हैं कि चूंकि हम अधिक पानी पीते हैं, इसलिए हम अधिक पेशाब भी करते हैं. हालांकि, गर्मियों में बार-बार पेशाब आना कई गंभीर बीमारियों का संकेत हो सकता है. आइए खबर के माध्यम से जानते हैं गर्मियों में बार-बार पेशाब आने के क्या लक्षण हैं...

यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन या यूटीआई

इसका सबसे आम कारण यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (यूटीआई) है. इस समस्या के कारण बार-बार पेशाब आता है और पेशाब करते समय जलन होती है. इससे बुखार भी हो सकता है.

डायबिटीज डायबिटीज के रोगियों को भी बार-बार पेशाब आता है. इसमें डायबिटीज के शुरुआती लक्षण भी शामिल हैं। इस बीमारी की शुरुआत हर आधे घंटे में पेशाब आने से होती है.

डिहाइड्रेशन

गर्मियों में बार-बार पेशाब आने का एक कारण डिहाइड्रेशन भी हो सकता है. शरीर में पानी की कमी होने से पेशाब गाढ़ा हो जाता है और आपको बार-बार पेशाब जाना पड़ता है. मूत्राशय या प्रोस्टेट की समस्या

कभी-कभी मूत्राशय ओवरएक्टिव हो जाता है, जिससे बार-बार पेशाब आने की जरूरत पड़ती है. इसके अलावा, अगर प्रोस्टेट ग्रंथि में कोई समस्या है, तो आपको बार-बार पेशाब जाना पड़ सकता है।. ऐसा इसलिए क्योंकि प्रोस्टेट ग्रंथि में समस्या होने पर सारा पेशाब एक बार में नहीं निकलता. इसलिए, अगर आपको गर्मियों में बार-बार पेशाब आता है, तो सतर्क हो जाएं और अपने डॉक्टर से सलाह लें.

# फैशन को नया मोड़ दे रहे हैं कढ़ाई वाले कपड़े के हैंडबैग, जानिए उनके बारे में



भारतीय हस्तशिल्प की दुनिया में कढ़ाई वाले कपड़े के हैंडबैग एक अनोखा स्थान रखते हैं। ये न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि इन्हें बनाने में लगी मेहनत और कला भी इन्हें खास बनाती है।

इन बैग्स की खासियत यह है कि ये पारंपरिक कला को आधुनिकता के साथ जोड़ते हैं।

आइए इन खास हैंडबैग्स के बारे में विस्तार से जानते हैं और जानते हैं कि कैसे ये भारतीय संस्कृति और फैशन का बेहतरीन मेल हैं।

बनारसी सिल्क से बने बैग

बनारसी सिल्क भारतीय रेशम का एक अहम हिस्सा है। इसके बने बैग्स में पारंपरिक बनारसी कढ़ाई की जाती है, जो इन्हें बेहद आकर्षक बनाती है।

इन बैग्स का इस्तेमाल खास मौकों पर किया जाता है, जैसे शादी-ब्याह या त्योहारों पर।

इनकी चमकदार सतह और नाजुक कढ़ाई इन्हें खास बनाती है। बनारसी सिल्क बैग्स न केवल देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि ये मजबूत भी होते हैं, जिससे ये लंबे समय तक टिकाऊ रहते हैं।

कांजीवरम सिल्क बैग्स

कांजीवरम सिल्क दक्षिण भारत की मशहूर कढ़ाई वाली वस्त्रों में शामिल है।

इसके बने बैग्स में कांजीवरम की पारंपरिक डिजाइन को शामिल किया जाता है, जिससे ये बहुत ही खूबसूरत दिखते हैं।

इन बैग्स का रंग-बिरंगा पैटर्न और सोने-चांदी की तारों का उपयोग इन्हें खास बनाता है।

कांजीवरम सिल्क बैग्स न केवल देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि ये मजबूत भी होते हैं, जिससे ये लंबे समय तक टिकाऊ रहते हैं।

जरी की कारीगरी वाले बैग्स

जरी की कारीगरी भारतीय हस्तशिल्प का एक अहम हिस्सा है। इसके बने बैग्स में जरी की कढ़ाई की जाती है, जो इन्हें बहुत ही खास बनाती है।

जरी की कारीगरी वाले बैग्स का इस्तेमाल रोजमर्रा की जिंदगी में किया जा सकता है या विशेष अवसरों पर भी।

## शब्द सामर्थ्य -020

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गैरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| य | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि) क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि माढोताल ग्राम पोडी स्थित भारिया गौंटिया के खाली पडे मकान में कुछ लोग ताश पत्तों पर रूपये पैसो का दाव लगा कर जुआ मन्ना खेलते हुये अवैध लाभ अर्जित कर रहे है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पोडी भारिया गोंटिया के खाली पडे मकान के पास दबिश दी भारिया गोटिया के खाली मकान के बाहर दो कार एक टोयोटा इनोवा क्रमांक एमपी 49 जेड 6723 एवं हुंडई कंपनी की आई 20 कार क्रमांक एमपी 20 सीबी 6230



# मंत्री सिंह ने चौपाल कर सुनी लोगों की समस्यायें जनहित के लिये लगातार विकास कार्य होते रहेंगे-मंत्री सिंह





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रानी दुर्गावती वार्ड के आजाद नगर और सरदार वल्लीभ भाई पटेल वार्ड में सिद्धनाथ मंदिर पर चौपाल कर विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुना और उनके समुचित निराकरण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिंह ने इस दौरान क्षेत्र में किये विभिन्न विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि जनहित के और भी कार्य होंगे। लोगों ने ज्यादातर पानीए सड़कए नाली व साफसफाई सुनिश्चितता करने का आग्रह किया। मंत्री श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिये कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाये। उन्होंने क्षेत्र में पानी की सुनिश्चितता को लेकर प्राथमिकता से कार्य करेंगे।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि वे जबलपुर की जनता के ऋणी व अभारी हैं। जिन्हों ने 20 वर्ष तक सांसद तथा इस बार विधानसभा में भेजने का आशीर्वाद दिया। उन्हों ने कहा कि हर जन प्रतिनिधि का कर्तव्य है कि वे विकास कार्य के माध्यम से जनता का ऋण उतारे। साथ ही कहा कि उन्हें विकास कार्य के माध्यम से ही अब जबलपुर की जनता का ऋण उतारने का अवसर मिला है। उन्हों ने कहा कि मुख्यकमंत्री डॉण् मोहन यादव की सरकार से उन्हें लोक निर्माण विभाग का दायित्वस मिला और जिस दिन से वे लोक निर्माण विभाग संभाले हैं उसी दिन से उनका ध्येनय वाक्यो लोक निर्माण से लोक कल्योण है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अब विकास कार्यों में जबलपुर उपेक्षा नहीं होगी। उन्होंने जबलपुर के विकास के लिये किये गये ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी दी। उन्हों ने कहा कि मध्युप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हंर जिसकी लागत 11 हजार करोड़ हैए जबलपुर में हैए जो पूर्णता की ओर है। 4 हजार 500 करोड़ की लागत से 117 किलोमीटर की रिंग रोड बन रही हैए जिसमें दो लॉजिस्टिक पार्क व नर्मदा में दो आईकॉनिक ब्रिज होंगे। देश का पहला जियोलॉजिकल पार्क भी बनेगा। 450 करोड़ रूपये की लागत से एयरपोर्ट का आधुनिकीकरण हुआए वहीं 300 करोड़ की लागत से आधुनिकतम रेल्वे स्टेडशन भी बनेगा। उन्हों्ने कहा कि विकास की प्रक्रिया चलते रहना चाहिए। अब तेजी से विकास हो रहा है। उन्हों्ने कहा कि इस वर्ष बजट में जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ रूपये स्वी कृत किये गये हैं। जिसमें पश्चिम विधानसभा के लिए 1600 करोड़ रूपये के विकास कार्य होंगे। इससे पश्चिम विधानसभा के साथ जबलपुर व महाकौशल की समृद्धि व विकास का मार्ग प्रशस्तो होगा। बिना सड़कों के समृद्धि की कल्पौना नहीं की जा सकतीए बेहतर भविष्यक की कल्पआना नहीं की जा सकती। इसलिए सड़कों के विस्तांर व सुदृढ़ीकरण पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले समय में जबलपुर में 6 फ्लाईओव्ह र बनेंगे। संजीवनी नगर से जीरो डिग्री तक 180 करोड़ की लागत से एक नया फ्लाईओव्ह र बनेगा। इसके साथ ही उन्हों ने जबलपुर के विकास के लिए किये गये व स्वीकृत विभिन्नक विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में जबलपुर की पहचान एक महानगर के रूप में होगी। जिसकी चर्चा हर जगह होगी। उन्हों ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्तान को लेकर किसी प्रकार की कोई समझौता नहीं किया जायेगा। ग्वामरीघाट आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ग्वाोरीघाट मुक्तिधाम से तिलहरी मार्ग तक 32 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण किया जायेगा और मुक्तिधाम को सुंदरतम रूप दिया जायेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि अनगढ़ हनुमान मंदिर से साईं मंदिर तक फ्लाई ओव्हयर बनाया जायेगाए जिसका एक विंग हवाबाग कॉलेज तथा दूसरा रामपुर चौराहे की ओर होगा। इसके साथ ही उन्हों ने विभिन्नस स्वी कृत व प्रस्ता वित कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में गौरीघाट को सरयू की घाट की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। साथ ही 700 करोड़ के रोप.वे की कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह सब विकास कार्य क्षेत्र की जनता को समर्पित होंगे और जबलपुर एक महानगर के रूप में सामने होगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा के तटों का विकास सरयू की तट की तर्ज पर किया जायेगा। मंत्री श्री सिंह ने चौपाल को संबोधित करते हुये कहा कि विकास के लिये जो.जो कार्य आवश्यक है सभी किये जायेंगे। इस दौरान उन्होंने हर वार्ड में किये गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुये कहा कि पहले जितना काम एक विधानसभा में होता था उतना काम एक.एक वार्ड में हो रहा है। हर वार्ड में अभी एक साल के अंदर 20 से 25 करोड़ के कार्य हो चुके हैं। चौपाल के दौरान श्री अभय सिंहए श्री नरेश पटेलए राजेश वर्माए रजनीश कुशवाहाए संतोष विश्व कर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा बड़ी तादाद में आमजन उपस्थित थे।

आमजनों से भेंट

लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने आज मदन महल स्थित नागपाल गार्डन में आम जन से मुलाकात कर उनकी समस्या ओं को जाना। उनके पास जाकर उनके आवेदन लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्या ओं का प्राथमिकता से निराकरण करें। इस दौरान लोगों ने मुख्यश रूप से सड़कए नालीए पानी आदि की समस्याकओं से संबंधित आवेदन दिये।

## शीघ्र ही राजस्वम अभिलेखागार को आधुनिकतम रूप में लायें.कलेक्टर सक्सेना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने आज राजस्वम रिकार्ड रूम का अवलोकन कर शीघ्र ही इसे आधुनिकतम रूप में लाने के निर्देश दिये। उन्होंजने कहा कि सभी राजस्वा रिकार्ड कम्प्यू टर में फीड होए ताकि सहजता से वांछित रिकार्ड सुलभता के साथ उपलब्धज हो सके। इस अवसर पर अपर कलेक्टिर श्री नाथूराम गोंडए संयुक्त कलेक्टर श्री ऋषभ जैनए श्रीमती नदीमा शीरी व डिप्टी कलेक्टहर सुश्री प्रगति गणवीर सहित अन्यं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## महाभारत कथा कृति का विमोचन एवं धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन आज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाथेय, मनीषा एवं सुप्रभातम संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ लेखक, अधिवक्ता डॉ. कृष्णकुमार दुबे द्वारा सृजित महाभारत कथा- इतिहास के झरोखे से का विमोचन एवं कामना नायक द्वारा निर्देशित धर्मक्षेत्र नृत्य नाटिका का मंचन 19 अप्रैल 2025 को सायं 7 बजे से शहीद स्मारक सभागार में आयोजित है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी. गौतम पूर्व कुलपति होंगे। अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे करेंगे।

## अतिक्ष मिश्रा ने रंगोत्सव अंतरराष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त किया चौथा स्थान



जबलपुर। महाराष्ट्र के पुणे में वाघोली स्थित संस्कृति स्कूल में आयोजित रंगोत्सव इंटरनेशनल कलरिंग एंड ड्राइंग कॉम्पिटिशन में नगर के कक्षा चौथी के छात्र अतिक्ष मिश्रा ने चौथा स्थान हासिल कर अपने विद्यालय, शिक्षकों, माता-पिता और देश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें देश विदेश से हज़ारों बच्चे भाग लेते हैं। अतिक्ष ने इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त किया था।

इस उपलब्धि के पीछे उनकी टीचर हिमानी का विशेष योगदान रहा है। छात्र अतिक्ष मिश्रा दैनिक समाचार पत्र देशबंधु के स्थानीय संपादक अशोक मिश्रा के पौते हैं।

## पी एम सूर्य घर ॅमुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर में सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना हेतु प्रक्रिया एवं अनुदान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर अपनी बिजली बनाने हेतु पी एम सूर्य घर ॅमुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है, जिसका क्रियान्वन मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने कार्य क्षेत्रान्तर्गत किया जा रहा है द्व इस योजना के तहत सोलर रूफटॉप लगवाने हेतु उपभोक्ताओं को नेशनल पोर्टल श्चएप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं अथवा मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोर्टल या एप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है । पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगवाने पर घरेलु उपभोक्ताओं को भारत सरकार द्वारा सब्सिडी (अनुदान राशि) प्रदान की जा रही है द्व 1 ॅच्ङ्क पर 30000 रु की, 2 ॅच्ङ्क पर 60000 रुपये की एवं 3ॅच्ङ्क व 3 ॅच्ङ्क से अधिक के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 78000 रु की सब्सिडी सरकार द्वारा सीधे आवेदनकर्ता के बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। पूर्व क्षेत्र कम्पनी के अंतर्गत वर्ष पिछले वर्ष 2023-24 में कुल 82.86 ड्डङ्क क्षमता का सोलर सयंत्र स्थापना की गयी थी , वर्ष 2024-25 में माह मार्च तक पूर्व क्षेत्र कम्पनी के अंतर्गत कुल 129.48 ड्डङ्क क्षमता का रूफटॉप स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया द्व जिससे सोलर रूफटॉप क्षमता में कुल 46.62 ड्डङ्क क्षमता की वृद्धि हुई, कंपनी अंतर्गत वर्ष 2024-25 में माह 31-मार्च तक 14212 निम्न दाब उपभोक्ताओ एवं 240 उच्च दाब उपभोक्ताओ द्वारा सोलर रूफटॉप सयंत्र स्थापना की गयी पूर्व क्षेत्र कंपनी के इच्छुक घरेलू उपभोक्ता एवं के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करते हुए रूफटॉप सोलर प्लांट लगवा सकते हैं । रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापना का कार्य पूर्ण होने पर ऊर्जा मंत्रालय द्वारा दी जाने वाली निर्धारित अनुदान राशि सीधे आवेदनकर्ता के बैंक खाते में स्थानांतरित होगी । निर्धारित वेंडर्स द्वारा लगाए जाने वाले सोलर पैनल एवं अन्य उपकरण मंत्रालय के मानक एवं विनिर्देशों के अनुसार होंगे तथा इसमें वेंडर्स द्वारा रूफटॉप सोलर प्लांट का 5 साल का रखरखाव भी शामिल है । सोलर रूफटॉप संयंत्र की स?थापना कर उपभोक्ता प्रति माह प्रति किलो वाट 120 यूनिट का उत्पादन कर 70त्न तक की बिजली की वचत कर सकता है । उपभोक्ता कम्पनी के पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य://222.द्वश्चद्म5.ष्व.द्वठ्ठ/ पर सोलर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है ।

## नवांकुर संस्थायओं ने किया जल संरचनाओं में श्रमदान




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड शहपुरा नवांकुर संस्था नौजवान एकता संगठन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल संरचनाओं में श्रमदानए स्वच्छता एवं अन्य विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस दौरान नवांकुर संस्था ने मां नर्मदा तट गौबच्छा घाट ;बिलखरवाद्ध में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर स्वच्छता अभियान एवं जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओंए मेंटर्सए सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रोंए प्रस्फुटन समितियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा 30 मार्च से सतत रूप से जा रहा है। उक्त सभी कार्यक्रम स्थानीय जन समुदाय के सक्रिय सहभागिता से आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही आग्रह किया गया कि पानी बचाने के इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। स्वच्छता कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री प्रदीप तिवारीए विकास खण्ड समन्वयक शहपुरा श्रीमति सोनिया सिंहएपरामर्शदाता श्री अभिनेष कटेहाए नवांकुर संस्था नौजवान एकता संगठन श्री तिलक सिंहए ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधिए सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्र.छात्राओं ने घाट की स्वच्छता में सहभागी हुए एवं स्थानीय जनों के साथ जल संरक्षण पर संवाद किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## रेडक्रॉस सोसायटी को नर्मदा जिलेटिन ने दी 2.25 लाख रुपये की सहयोग राशि



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला रेडक्रॉस सोसायटी को पीड़ितों की सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों के लिये नर्मदा जिलेटिन लिमिटेड की ओर से 2 लाख 25 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना को कल इस राशि का चेक कंपनी के प्रबंध निदेशक अशोक कपूर ने कलेक्टर कार्यालय में सौंपा। इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक मृगेंद्र सिंह परिहार एवं जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव आशीष दीक्षित भी मौजूद थे।

### शपथ ग्रहण समारोह 19 अप्रैल को

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर शब्दरथ, साहित्य संसार एवं काव्य कलश संस्था के सभी मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्रतिष्ठित समाज सेवी शरद अग्रवाल के आतिथ्य में 19 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे से साहित्य परिसर, कचनार सिटी में किया गया है, डॉ.विनीता पाण्डेय विनीत ने बताया कि यह आयोजन प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंजी. विनोद %नयन% के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शपथ ग्रहण के पश्चात विराट काव्य संध्या में नगर के रचनाकार काव्य पाठ करेंगे ।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी गोरखपुर नितिन कमल ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त मिली कि छोटी लाईन फाटक के पास एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 30-32 साल होगी मोबाईल आईडी के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट में अवैध लाभ अर्जित करने के लिये हार जीत का दाव लगाकर क्रिकेट का सट्टा खेल रहा है । मुखबिर सूचना छोटी लाईन फाटक के पास दबिश दी जहां मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्ति के साथ 1 युवक और खडा दिखा, दोनो को घेराबंदी कर पकड़ा ।

## विवाह समारोह में बदमाशों का हंगामा... दुल्हा-दुल्हन की कार पर पथराव, पुलिस सुरक्षा में हुए सात फेरे

# बारात पर हमला, थाने पहुंची दुल्हन







**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अधारताल थाना क्षेत्र में बुधवार की रात को एक विवाह समारोह में कुछ युवकों ने उत्पात मचाया। उन्होंने पहले बारात निकलने में बाधा डाला। घोड़े पर सवार दूल्हे को गिराने की कोशिश की। उसके बाद दूल्हा-दुल्हन की कार पर पथराव किया। विवाद इतना बढ़ा कि दुल्हन अपने परिजन के साथ थाने पहुंच गई। उसके बाद पुलिस सुरक्षा में सात फेरे हो सकें। अमखेरा निवासी कंचन रैकवार का बुधवार को विवाह था। अमखेरा स्थित मैरेज गार्डन में शादी की रस्में होना था। रात में लालमाटी से बारात आयीं थी। घोड़े में सवार दूल्हे के साथ नाचते-गाते बाराती मैरेज गार्डन के सामने ही पहुंचे थे कि दुल्हन के पड़ोस में रहने वाले अभिषेक रैकवार तीन-चार युवकों के साथ वहां पहुंचा। अभिषेक की दुल्हन के परिवार के साथ शत्रुता है। भूमि संबंधी विवाद हो लेकर उनके परिजन के बीच में भी विवाद हो चुके है। बदला लेने की नीयत से आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर बारात में हमला कर दिया। फिर विवाह स्थल में जाकर उत्पात मचाया। मारपीट और पथराव कर बारातियों में दहशत फैलाया। अफरा-तफरी मचने और फिर तनाव की सूचना पर पुलिस बल तैनात किया गया। उसके बाद विवाह हो सका।

**कार पर फेंके पत्थर**

बारात लगने के दौरान एक बार विवाद शांत कराए जाने के अभिषेक सहित उसके साथ आए आशीष रैकवार, कपिल रैकवार और आकाश रैकवार ने द्वार चार के समय फिर विवाद किया। द्वार चार के बाद जब दूल्हा एवं दुल्हन कार से मंच की ओर जा रहे थे, तभी



आरोपियोंों ने पथराव किया। अचानक हुए हमले में कार के आसपास चल रहे लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला।

वे दूर हुए तो आरोपियोंों ने कार सवार दूल्हा और दुल्हन के साथ धक्का-मुक्की कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची दुल्हन की चाची आशा और चाचा धक्का-मुक्की में घायल हो गए। इस दौरान आरोपीों ने दुल्हन पक्ष के कृष्ण गोपाल साकेत पर चाकू से प्रहार कर दिया। हमले में दुल्हन पक्ष के चार लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

**थाने में आमने-सामने होने पर फिर विवाद**

आरोपीों के कृत्य से त्रस्त दुल्हन स्वयं स्वजन के साथ मामले की शिकायत लेकर रात में अधारताल पहुंची। उनके पीछे-पीछे आरोपी पक्ष के लोग भी थाने पहुंच गए। आमना-सामना होने पर थाने में ही दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद आरोपी अभिषेक और उसके परिजन लौट गए, तब मामला शांत हुआ। उसके बाद पुलिस दुल्हन को अपने साथ लेकर विवाह स्थल पर पहुंची। पुलिस की उपस्थिति में सात फेरे से लेकर विदाई तक की रस्में हुई। उसके बाद सुबह पुलिस बल को हटाया गया।

**दोनों पक्षों ने कराई एफआइआर**

विवाद के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के विरुद्ध एफआइआर कराई गई है। दुल्हन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अभिषेक, आशीष, कपिल एवं आकाश रैकवार के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया है। आरोपी अभिषेक (23) मत्स्य विभाग का श्रमिक है। वहीं, अभिषेक ने शिकायत की है कि वह भांजी के विवाह समारोह से लौट रहा था। रास्ते में राजेश रैकवार, शुभम रैकवार, नमन रैकवार और गौरव रैकवार ने उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

**गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे**

विवाह के दौरान उत्पात के मामले को लेकर दुल्हन के स्वजन गुरुवार का पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। आरोपी अभिषेक रैकवार एवं उसके साथियों की गिरफ्तारी की मांग की।

उन्होंने इस बात पर आपत्ति व्यक्त किया कि हंगामा करने वाले आरोपीों ने थाने में झूठी जानकारी दुल्हन पक्ष पर एफआइआर करवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच की बात कही है।

**बारात की घोड़ी को मारी टक्कर**

घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात की है। लाल मिट्टी इलाके से अमखेरा में रैकवार समाज की बारात आई थी। जैसे ही दूल्हा घोड़ी पर सवार होकर वधु पक्ष के घर के बाहर पहुंचा, पड़ोस में रहने वाले अभिषेक और कपिल बाइक से आए और जानबूझकर घोड़ी को टक्कर मार दी। विरोध करने पर दोनों युवकों ने धमकी दी और कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों के साथ वापस लौटकर गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी।

**दुल्हन पर भी किया हमला, परिजनों को पीटा**

दुल्हन को बचाने आई उसकी बुआ और चाची को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा। दुल्हन की बुआ अनिता रैकवार का सिर दीवार पर मारा गया। पथराव में दूल्हा-दुल्हन की कार के कांच टूट गए और दुल्हन को कांच के टुकड़े भी लगे। परिवार के 4-5 सदस्य घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।घटना के बाद दुल्हन अपने परिजनों के साथ अधारताल थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई। थोड़ी ही देर बाद अभिषेक पक्ष भी थाने पहुंच गया और खुद पर हमला होने की शिकायत की। पुलिस ने दोनों ही पक्षों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

**जमीन विवाद बना हमले की वजह- पुलिस**

एएसपी आनंद कलादगी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, जो शादी के दिन खुलकर सामने आ गया। पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है, इसलिए धारा 307 (हत्या के प्रयास) के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश जारी है और थाना प्रभारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**थाने के बाहर भी हुआ झगड़ा**

दुल्हन पक्ष का आरोप है कि थाने में भी मारपीट की गई। इस पूरे घटनाक्रम ने शादी की खुशियों को सहम में बदल दिया। हालांकि, पुलिस की निगरानी में शादी की रस्में पूरी कराई गईं और नवविवाहित जोड़ा सुरक्षित है।

## कार में अवैध रूप से परिवहन कर ले जायी जा रही 8 कार्टून में 400 पाव देशी शराब कीमती 40 हजार रूपये की जप्त आरोपियों की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी पाटन श्री नवल सिंह आर्य ने बताया कि दिनांक 17-4-25 को रात्रि चौकी नुनसर में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि काले रंग की अर्टिगा कार में 2 व्यक्ति अवैध शराब लोड कर पाटन तरफसे ला रहे हैं सूचना पर कंतोरा तिराहा पर दबिश दी गई कुछ समय बाद काले रंग की अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 20 जेड आर 1565 जिसमें 2 व्यक्ति बैठे थे तेज गति से पाटन तरफसे जबलपुर तरफजा रही थी जिसे स्टापर लगाकर रोकने का प्रयास किया कार चालक बेरिकेटिग को पार करके जबलपुर तरफभागने लगा जिसका पीछा किया ग्राम चिंहुटा रोड पर कार क्रमांक एमपी 20 जेड आर 1565 को लॉक कर कार चालक एवं अन्य व्यक्ति भाग गये। मौके पर मैकेनिक बुलाकर कार को अनलॉक किया गया तलाशी लेने पर आगे वाली सीट के पीछे पैरदान के स्थान पर 2 कार्टून, बीच वाली सीट के पीछ 3 कार्टून एवं पीछे वाली सीट के पीछे डिक्की में 3 कार्टून रखे मिले जिन्हें खोलकर चैक करने पर सभी में कुल 400 पाव देशी शराब कीमती लगभग 40 हजार रूपये के रखी मिली जिसे आर्टिगा कार क्रमांक एमपी 20 जेड आर 1565 सहित जप्त करते हुये अज्ञात कार चालक एवं एक अन्य व्यक्ति के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपियों की तलाश जारी है।

उल्लेखनीय भूमिका- कार में अवैध रूप से परिवहन की जा रही शराब जप्त करने में प्रधान आरक्षक रूपेश लोधी, आरक्षक गीतेश, गगन राय की सराहनीय भूमिका रही।

**जबलपुर-** थाना गोहलपुर में रात मारपीट में घायल के उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लाये जाने की सूचना पर पहॅुची पुलिस को योगेन्द्र तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी बधैया मोहल्ला गोहलपुर ने बताया कि दीनदयाल बस स्टेण्ड के लिये निकला था बस स्टेण्ड में जय महाकाल टेऊव्रल्स में बुकिंग का काम करके रात लगभग 10-30 बजे जय महाकाल टेऊव्रल्स की लास्ट बस को छोडकर अपनी मोटर सायकल से घर जा रहा था रास्ते में औलिया मस्जिद के पास मयंक मलिक मिला जो उससे आगे तक छोड़ने के लिये बोला तो उसने मयंक का अपनी गाड़ी मे बैठा लिया जैसे ही नगर निगम स्वीपर क्वाटर चंडालभाटा पहॅुचा तो मयंक मलिक बोला गाड़ी से उतार दो, उसने गाड़ी रोकी तो मयंक गाड़ी से उतरकर उसकी मोटर सायकल की चाबी निकाल

नगदी 1750 रूपये, 3 मोबाईल जप्त

## आई.पी.एल. क्रिकेट का सट्टा खेलते हुये 03 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना प्रभारी लार्डगंज श्री हरिकिशन आटनेरे ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर सूचना मिली कि तीन लडके गेमिंग हब रानीताल में मोबाइल में आईपीएल क्रिकेट टीम में हारजीत पर रूपयों का दाव लगाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं

सूचना पर मुख्बिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई गेमिंग हब रानीताल में मुखबिर के बताये हुलिये के तीन लडके मोबाइल देखते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनसे नाम पता पूछने पर तीनों ने अपने नाम क्रमशः वेदांश उर्फ बटुक अवस्थी उम्र 18 वर्ष निवासी बड़ा फुहारा निवाड़गंज गल्ला मंडी, नारायण पटैल उम्र 18 वर्ष निवासी हनुमान जैन मंदिर के पास राधाकृष्ण मंदिर के सामने हनुमानताल, मोहित सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी सिंघई कालोनी दीक्षितपुरा कोतवाली बताये जो आईपीएल क्रिकेट मैच मुम्बई वर्सेस हैदराबाद मैच की हारजीत पर पैसों का दाव लगा रहे थे जिनके मोबाइल में ृपदग66 जिसकी यूजर आईडी ठ।ज्न्ज्ञै।प्। एवं ॅण्ैौम्247ण्ब्व्ड जिसकी यूजर आईडी यूजर आईडी त्वीपजेंप0 मिली है। आरोपियों के कब्जे से रेडमी नोट, एप्पल कम्पनी ,ओप्पो कम्पनी के कुल 3 मोबाइल एवं नगदी 1 हजार 750 रूपये जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक पर बारात में चाकू से हमला हालत गंभीर

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** अधारताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेट्रो अस्पताल में भर्ती एक घायल युवक ने पुलिस को बताया कि उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। घायल अभिषेक रैकवार ;23 वर्ष निवासी अमखेरा तालाब के पासए मत्स्य पालन विभाग में मजदूरी करता है।

पीड़ित ने बताया कि देर रात करीब 12.30 बजे वह अपने दोस्त अरुण वर्मन के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। तालाब के पास एक बारात निकल रही थीए जिसके कारण वह वहीं रुक गया। तभी राजेश रैकवार और उसके साथी शुभमए नमन व गौरव रैकवार उसे घूरने लगे। पीड़ित का राजेश रैकवार से जमीन का पुराना विवाद चल रहा है। अभिषेक ने जब घूरने का कारण पूछा तो चारों ने गाली.गलौज करते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान राजेश रैकवार ने उस पर चाकू से हमला कर दियाए जिससे उसके पेट और सिर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 296ए 109ए 115;2द्धए 3;5द्ध बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## शराब पीने के लिये रूपयों की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना पनागर में सुबह दुर्गेश चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बड़खेरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी करता है आज सुबह लगभग 8 बजे उसके गांव का दशरू चौधरी उसके पास आया और उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो हसिया से हमलाकर हाथ में चोट तथा हाथ मुक्कों से मारपीट की कर पीठ में चोट पहॅुचा दी एवं गाली गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1) 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## भांजी की शादी से लौटते वक्त चाकू से हमला दो घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना गोहलपुर क्षेत्र में भांजी की शादी से लौट रहे एक व्यक्ति और उसके रिश्तेदार पर चाकू से हमला कर दिया गया। यह घटना देर रात राजुल ड्रीम सिटी के सामने अमखेरा रोड पर हुई। पीड़ित अजय कोरी ;45 वर्षद्धए निवासी अमखेरा पानी की टंकी के पासए ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह बोरिंग मशीन चलाता है गत दिवस अपनी भांजी की शादी में सुशीला परिसर मैरिज गार्डन गया था। शादी समारोह से मामीए मामा के लड़के विशाल कोरी और अन्य परिजनों के साथ लौटते समय राजुल ड्रीमसिटी के पास मोहल्ले के ही निखिल कोरीए विशाल कोरी और एक अन्य युवक ने रास्ता रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। जब अजय और उसके मामा के लड़के विशाल ने पैसे देने से इनकार कियाए तो तीनों आरोपियों ने गाली.गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर एक ने अजय की कॉलर पकड़ ली और दूसरे ने चाकू से हमला कर पेट में गंभीर चोट पहुंचाई।

### अकाल मृत्यु

**जबलपुर** - थाना गोरखपुर मे जबलपुर अस्पताल से सूचना मिली कि श्रीमती आरती पाण्डे उम्र 50 वर्ष निवासी रामपुर माण्डवा थाना गोरखपुर में सड़क दुर्घटना में घायल होने से पति मदन मोहन द्वारा लाया गया था दिनांक 17-4-25 की रात लगभग 8-35 बजे डाक्टर ने चैक कर श्रीमती आरती पाण्डे को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## गुड फ्राइडे पर निकली क्रूस यात्रा, ईसाईयों ने निकाली यात्रा, की प्रार्थना





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में आज गुड फ्राइडे परम्परागत रुप से मनाया गया. सुबह से शहर के सभी चर्चो में प्रार्थना की गई, समाज के लोगों ने प्रभु यीशू का स्तुति गान करते हुए यात्रा निकाली. जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए. गुड फ्राइडे का यह दिन प्रार्थनपा, तपस्या व उपवास का माना जाता है. इसी दिन प्रभु यीशू मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था. आज गुड फ्राइडे के दिन वे ऑफ द क्रास के तहत दुखमयी क्रूस यात्रा निकाली गई, जो होली ट्रिनिटि चर्च से शुरु हई और रसल चौक, नौदराब्रिज, तीन पत्ती, पुराना बस स्टेंड होते हुए बस स्टेंड होते हुए भवंरताल गार्डन के सामने होली ट्रिनिटि चर्च में समाप्त हुई. यात्रा में शामिल ईसाई समाज के लोगों ने पूरे मार्ग में यीशु का स्तुति गान किया.

चर्च में ईसा मसीह के साथ हुए विश्वासघात, उनकी गिरफ्तारी, मुकदमे और सूली पर चढ़ाए जाने की कथाएं सुनाई गईं. ईसाई समुदाय के अनुसार प्रभु ईसा मसीह ने लोगों के पाप मिटाने के लिए अपना बलिदान दिया था. इस दिन को गुड इसलिए कहा जाता है क्योंकि ईसाइयों के लिए इसका विशेष धार्मिक महत्व है. वे मानते हैं कि सूली पर यीशु की मृत्यु मानवता के पापों के लिए अंतिम बलिदान थी. यह बलिदान प्रेम और मुक्ति का प्रतीक है. यह शुक्रवार ईस्टर पर यीशु के पुनरागमन का संकेत भी है, जो ईसाई धर्म में सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है.

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6, नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2025-26/ एम/14 जबलपुर दिनांक 17.04.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्री पत्रम साहू, पिता- स्व.श्री प्रताप चन्द्र साहू, 2. श्री पुष्पम साहू, पिता- स्व. श्री प्रताप चन्द्र साहू** ने मकान नं. ए- 15, टी.वाय.पी.ई.जी- 3- ए/बी **वार्ड डॉ. राजेन्द्र प्रसाद** पिन नं. 1000409979, क्षेत्रफल 935 व.फु., भूतल 544 व.फु. , प्रथमतल 484 व.फु. , **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुदित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999